www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

मौसम

अधिकतम तापमान 28.c

27.c न्यूनतम तापमान

बाजार

सोना 101.755g

चांदी 110,000kg

सोशल मीडिया पर भारत संवाद

https://x.com/BharatSamvad

www.facebook.com/bharatsamvad.in

www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n

E-Paper bharatsamvad.live

2 धर्म का एक दशक: मोदी युग में सांस्कृतिक पुनर्जागरण

बेटे को जहर देकर मां ने खुद भी खाया 04

वर्ष :09 | अंक :01 | मुंबई , रविवार , 22 जून 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2:00 रुपए

संक्षिप्त समाचार

### बलिया में भाजपा नेता की अंतरंग तस्वीर पोस्ट करने के आरोप में युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

बलिया जिले की रेवती थाना पुलिस ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक नेता की अंतरंग तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के आरोप में एक युवक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष अर्जुन कुमार चौहान की फोटो आपत्तिजनक टिप्पणी के साथ फेसबुक पर पोस्ट करने के लिए यह प्राथमिकी दर्ज की गयी है। चौहान की तहरीर पर शुक्रवार को शैलेश कुमार पांडेय नामक युवक के विरुद्ध सूचना प्रौद्योगिकी संशोधन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। रेवती थाने के प्रभारी प्रशांत कुमार चौधरी ने शनिवार को बताया कि चौहान ने तहरीर में कहा है कि उनके गांव में रहने वाले पांडेय ने दो दिन पहले फेसबुक पर उनकी अंतरंग फोटो पोस्ट करते हुए आपत्तिजनक टिप्पणी की। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मणिपुर में विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े चार उग्रवादी गिरफ्तार

सुरक्षा बलों ने मणिपुर में विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रतिबंधित संगठन एनएससीएन (निक्की- सुमी) के एक कैडर को बृहस्पतिवार को जिरीबाम जिले के कमरांगा गांव से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि यह उग्रवादी राष्ट्रीय राजमार्ग 37 पर फिरौती के लिए अपहरण और जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल था। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने शुक्रवार को काकचिंग जिले के काकचिंग तुरेल वांगमा से प्रतिबंधित पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के एक सदस्य को भी गिरफ्तार किया। अधिकारी ने बताया कि प्रतिबंधित संगठन प्रीपैक (प्रो) और पीएलए के एक-एक उग्रवादी को तेंगनौपाल जिले में म्यांमा सीमा के पास से गिरफ्तार किया गया।

# लंदन से लेकर लद्दाख तक, पूरी दुनिया ने एक स्वर में माना भारत के योग का महत्व

**पीएम मोदी ने विशाखापट्टनम में योग किया:बोले- तनाव से गुजर रही दुनिया के लिए योग पॉज बटन जैसा; 191 देशों में 1,300 जगह कार्यक्रम**

11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि दुनिया किसी न किसी तनाव से गुजर रही है, कितने ही क्षेत्रों में अशांति और अस्थिरता बढ़ रही है और ऐसे में योग से हमें शांति की दिशा मिलती है।**

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि दुनिया किसी न किसी तनाव से गुजर रही है, कितने ही क्षेत्रों में अशांति और अस्थिरता बढ़ रही है और ऐसे में योग से हमें शांति की दिशा मिलती है। उन्होंने यह भी कहा कि योग हमें दुनिया को जोड़ने का संदेश देता है और यह सीमाओं, पृष्ठभूमि, उम्र या क्षमता से बंधा नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह दिन मानवता के लिए उस प्राचीन प्रथा की शुरूआत का प्रतीक है जहां आंतरिक शांति वैश्विक नीति बन गई है। उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से आज पूरी दुनिया किसी न किसी तनाव से गुजर रही है। कितने ही क्षेत्रों में अशांति और अस्थिरता बढ़ रही है। ऐसे में योग से हमें शांति की दिशा मिलती है। संयुक्त राष्ट्र में विशेष ध्यान सत्र के आयोजन के साथ मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस संयुक्त राष्ट्र में भारत के दूत ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर यहां आयोजित विशेष ध्यान सत्र में कहा कि ऐसे समय में जब तनाव और मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियां बढ़ रही हैं, योग अधिक शांतिपूर्ण तरीके से जीवन जीने का मार्ग प्रदान करता है। प्रख्यात चिकित्सक, लेखक और स्वास्थ्य गुरु दीपक चोपड़ा ने शुक्रवार शाम को योग दिवस के उपलक्ष्य में संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन की ओर से संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित सत्र का नेतृत्व किया।



### विशाखापत्तनम में योग दिवस पर आंध्र प्रदेश में बन सकते हैं कई रिकॉर्ड

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार यहां कई रिकॉर्ड बनाने की कोशिश कर रही है, जिसमें पिछली बार योगाभ्यास के दौरान लोगों की अधिकतम उपस्थिति का रिकॉर्ड तोड़ना भी शामिल है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विशाखापत्तनम के आरके बीच पर समारोह का नेतृत्व किया और रिकॉर्ड बनाने की इन कोशिशों का हिस्सा बने।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बोलीं- उत्तराखंड योग और अध्यात्म का केंद्र, किसी संप्रदाय-पंथ से नहीं योग



आज 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस है. पूरे देश के साथ ही उत्तराखंड में भी लोग योगाभ्यास कर रहे हैं. योग दिवस पर पूरे उत्तराखंड से शानदार तस्वीरें सामने आ रही हैं. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देहरादून पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में योग किया. वहीं सीएम पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भराड़ीसैण में लोगों ने योग किया. भराड़ीसैण (गैरसैण) में 8 देशों के 10 राजदूत व प्रतिनिधि और योग गुरु पद्मश्री स्वामी भारत भूषण ने भी योग किया. बीते दिन सभी प्रतिनिधि भराड़ीसैण स्थित विधानसभा परिसर पहुंचे थे. सभी विदेशी मेहमानों का छोलिया नृत्य और पारंपरिक वाद्य यंत्रों से स्वागत किया गया. सभी मेहमान उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत से अभिभूत दिखाई दिए.

# समाधान नहींए नारे लगाने की कला में महारत हासिल की है पीएम

**इन इंडिया फैक्ट्री पर राहुल गांधी का मोदी पर तंज**

> गांधी ने मेक इन इंडिया पहल की प्रभावशीलता पर सवाल उठाते हुए कहा कि देश में विनिर्माण 2014 के बाद से अर्थव्यवस्था के 14 प्रतिशत के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया है।




एजेंसी

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना करते हुए कहा कि मेक इन इंडिया फैक्ट्री बूम के वादों के बावजूदए देश में विनिर्माण रिकॉर्ड निचले स्तर पर है और युवा बेरोजगारी बहुत अधिक है। गांधी ने मेक इन इंडिया पहल की प्रभावशीलता पर सवाल उठाते हुए कहा कि देश में विनिर्माण 2014 के बाद से अर्थव्यवस्था के 14 प्रतिशत के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया है।उन्होंने युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी और चीन से आयात में दोगुनी वृद्धि की ओर भी इशारा किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर वास्तविक समाधानों के बजाय नारों पर ध्यान केंद्रित करने का आरोप लगाया। एक्स पर एक पोस्ट में राहुल गांधी ने एक वीडियो शेयर किया और लिखाए ष्मेक इन इंडियाष्ने फैक्ट्री बूम का वादा किया था। तो विनिर्माण रिकॉर्ड निचले स्तर पर क्यों हैए युवा बेरोजगारी रिकॉर्ड ऊंचाई पर है और चीन से आयात दोगुना से अधिक क्यों हो गया हैघ्मोदी जी ने नारों की कला में महारत हासिल की हैए समाधानों में नहीं। 2014 सेए विनिर्माण हमारी अर्थव्यवस्था का 14ः तक गिर गया है। उन्होंने भारत के युवाओं के सामने आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डालाए एक पोस्ट में साझा किया कि उन्होंने नेहरू प्लेसए नई दिल्ली में दो प्रतिभाशाली युवाओंए शिवम और सैफ से मुलाकात कीए जो अपनी क्षमता को पूरा करने में असमर्थ हैं। उन्होंने देश के मौजूदा आर्थिक मॉडल की आलोचना की और कहाए ष्नेहरू प्लेसए नई दिल्ली मेंए मैं शिवम और सैफ से मिला . जो प्रतिभाशालीए कुशलए संभावनाओं से भरे हुए हैं . फिर भी उन्हें इसे पूरा करने का अवसर नहीं दिया गया। सच्चाई यह हैरू हम इकट्ठा करते हैंए हम आयात करते हैंए लेकिन हम निर्माण नहीं करते। चीन लाभ कमाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के पास कोई नया विचार नहीं है और उन्होंने भारत के उद्योगों को बढ़ाने की कोशिश छोड़ दी है।

# एयर इंडिया की घटना के बाद एक और फ्लाइट से आया मेडे कॉल

**इंडिगो फ्लाइट की बेंगलुरु में इमरजेंसी लैंडिंग**

**गुवाहाटी से चेन्नई जा रही इंडिगो की फ्लाइट की बेंगलुरु में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई जब पायलट ने मेडे कॉल किया.**

एजेंसी

नई दिल्ली : अहमदाबाद प्लेन हादसे के कुछ दिनों बाद ही एक और फ्लाइट के पायलट ने मेडे कॉल किया. यह कॉल इंडिगो की गुवाहाटी से चेन्नई जा रही फ्लाइट के पायलट ने किया था. इसके बाद प्लेन की बेंगलुरु में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई.हालांकि यह जानकारी शनिवार को सामने आई है, लेकिन यह घटना 19 जून की बताई गई है. इंडिगो की इस फ्लाइट में 168 यात्री सवार थे. बताया जाता है कि पायलट ने खतरनाक रूप से कम ईंधन स्तर के कारण 'मेडे' घोषित कर दिया था. इंडिगो प्लेन के पायलट ने फ्यूल की काफी कमी देखी थी, इसके बाद उसने एटीसी (एयर ट्रैफिक कंट्रोल) को मेडे यानी इमरजेंसी कॉल की थी. इसके बाद पायलट ने फिर चेन्नई में लैंडिंग का प्रयास नहीं करने का फैसला किया और उड़ान को लैंडिंग के लिए बेंगलुरु में मोड़ दिया गया. मामले की नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने जांच शुरू कर दी है.आगे की जांच तक उड़ान में शामिल दोनों पायलटों को हटा दिया गया है. हालांकि इंडिगो ने पायलट की कार्रवाई या ईंधन की स्थिति पर आधिकारिक रूप से कोई टिप्पणी नहीं की है




# एअर इंडिया के खिलाफ डीजीसीए का एक्शन

**लापरवाही को लेकर 3 अफसरों को हटाने का आदेश**

**यह निर्देश 12 जून को लंदन जाने वाली बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर फ्लाइट अक-171 के दुर्घटनाग्रस्त होने के पीछे संभावित परिचालन संबंधी खामियों की व्यापक जांच के हिस्से के रूप में आया है, जो अहमदाबाद में बीजे मेडिकल कॉलेज छात्रावास परिसर में उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी।**

एजेंसी

विमानन नियामक, नागरिक विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने फ्लाइट क्रू शेड्यूलिंग से संबंधित गंभीर और बार-बार उल्लंघन के बाद एयर इंडिया के तीन वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई का आदेश दिया है। एयरलाइन द्वारा स्वेच्छा से बताई गई इन खामियों से पता चला कि अनिवार्य लाइसेंसिंग, आराम और रीसेंसी मानदंडों को पूरा न करने के बावजूद फ्लाइट क्रू को शेड्यूल किया गया और संचालित किया गया। अफटर (एविएशन रिसोर्स मैनेजमेंट सिस्टम- एक एकीकृत प्रणाली जिसका उपयोग एयरलाइंस क्रू प्रबंधन के लिए करती है) से फ्लाइट और क्रू मैनेजमेंट सिस्टम में संक्रमण के बाद की समीक्षा के दौरान उल्लंघनों का पता चला। निर्देश 12 जून को लंदन जाने वाली बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर फ्लाइट 171 के दुर्घटनाग्रस्त होने के पीछे संभावित परिचालन संबंधी खामियों की व्यापक जांच के हिस्से के रूप में आया है।




# चलती ट्रेन में सीट विवाद पर युवक की पीट-पीटकर हत्या

**बागपत में 15 लोग तब तक मारते रहे, जब तक दम नहीं तोड़ दिया**

**बागपत से 10 किमी पहले खेकड़ा स्टेशन पर ट्रेन रुकी तो आरोपी उतरकर भाग गए। ट्रेन में सवार युवक के एक साथी ने जीआरपी और परिवार को सूचना दी।**

एजेंसी

बागपत , यूपी के बागपत में चलती ट्रेन में सीट के विवाद में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। युवक सहारनपुर-दिल्ली पैसेंजर ट्रेन से बागपत आ रहा था। फखरपुर स्टेशन के पास सीट पर बैठने को लेकर उसका विवाद हो गया। इसके बाद 15 से 20 लोगों ने मिलकर उसे लात-घूंसों और बेल्ट से पीटा ।बागपत से 10 किमी पहले खेकड़ा स्टेशन पर ट्रेन रुकी तो आरोपी उतरकर भाग गए। ट्रेन में सवार युवक के एक साथी ने जीआरपी और परिवार को सूचना दी। दीपक को ट्रेन से उतारकर अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया ।दीपक दिल्ली में नौकरी करता था और हर शुक्रवार दिल्ली से बागपत अपने घर आता था। घटना शुक्रवार की है, लेकिन इसका वीडियो शनिवार को सामने आया है। 2 दिन पहले झांसी में वंदे भारत एक्सप्रेस में भी मारपीट हुई थी।



# भारत संघर्षग्रस्त ईरान से नेपाल और श्रीलंका के नागरिकों को भी निकालेगा

**अब तक 517 भारतीय नागरिक स्वदेश लौटे**

> ईरान में भारतीय दूतावास ने घोषणा की कि वह नेपाल और श्रीलंका के नागरिकों को उनकी सरकारों के अनुरोध पर ईरान से निकालेगा, क्योंकि शनिवार को इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष बढ़ता रहा।

एजेंसी

ईरान में भारतीय दूतावास ने घोषणा की कि वह नेपाल और श्रीलंका के नागरिकों को उनकी सरकारों के अनुरोध पर ईरान से निकालेगा, क्योंकि शनिवार को इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष बढ़ता रहा। ईरान में भारतीय दूतावास ने कहा, ₹नेपाल और श्रीलंका की सरकारों के अनुरोध पर, ईरान में भारतीय दूतावास के निकासी प्रयासों में नेपाल और श्रीलंका के नागरिक भी शामिल होंगे।₹ दूतावास ने नेपाल और श्रीलंका के नागरिकों के लिए आपातकालीन संपर्क नंबर भी प्रदान किया।भारत ने ऑपरेशन सिंधु शुरू किया था, जो पश्चिम एशिया से अपने नागरिकों को निकालने के लिए एक महत्वपूर्ण मिशन था, जब इजरायल ने ऑपरेशन राइजिंग लॉयन के तहत तेहरान में अभूतपूर्व हमले किए, जिसमें इस्लामिक गणराज्य की सैन्य और परमाणु सुविधाओं को निशाना बनाया गयाविदेश मंत्रालय (एमईए) ने शनिवार को कहा कि ऑपरेशन सिंधु के तहत अब तक 500 से अधिक भारतीय नागरिक ईरान से स्वदेश लौट आए हैं। विदेश मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में निकासी अभियान की स्थिति के बारे में जानकारी साझा की। इजराइल के साथ सैन्य टकराव तेज होने के बाद ईरान से निकाले गए छात्रों समेत भारतीय नागरिक शुक्रवार देर रात और शनिवार तड़के दिल्ली पहुंचे। भारत ने बुधवार को ईरान से अपने नागरिकों को निकालने के लिए ऑपरेशन सिंधु शुरू करने की घोषणा की थी।



# सोनिया बोलीं-ईरान पुराना दोस्त, भारत की चुप्पी परेशान कर रही

**इजराइल के हमलों पर सरकार को मजबूती से बोलना चाहिए, अभी देर नहीं हुई**

**सोनिया गांधी ने कहा कि 13 जून 2025 को इजराइल ने ईरान की संप्रभुता का उल्लंघन करते हुए एकतरफा हमला किया, जो गैरकानूनी और क्षेत्रीय शांति के लिए खतरनाक है। कांग्रेस ईरान में हो रहे इन हमलों की निंदा करती है, जिनसे क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर गंभीर अस्थिरता और टकराव बढ़ सकता है।**

एजेंसी

नई दिल्ली, कांग्रेस की चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने ईरान पर इजराइली हमले की निंदा की है। उन्होंने द हिंदू में एक आर्टिकल में लिखा कि इजराइल खुद परमाणु शक्ति है, लेकिन ईरान को परमाणु हथियार न होने पर भी टारगेट किया जा रहा है। ये इजराइल का दोहरा मापदंड है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान भारत का पुराना दोस्त रहा है और ऐसे हालात में भारत की चुप्पी परेशान करने वाली है। गाजा में हो रही तबाही और ईरान में हो रहे हमलों को लेकर भारत को स्पष्ट, जिम्मेदार और मजबूत आवाज में बोलना चाहिए। अभी देर नहीं हुई है।



आरोप — यू-टर्न का लगाया आरोप

# क्रोनोलॉजी समझिये..., प्रियांक खरगे ने विदेश मंत्रालय पर निकाली भड़ास

एजेंसी

नयी दिल्ली। कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खड़गे ने शनिवार को विदेश मंत्रालय की आलोचना की और कहा कि मंत्रालय ने उनकी अमेरिका की आधिकारिक यात्रा के लिए राजनीतिक मंजूरी देने से इनकार कर दिया है, जिस पर उन्होंने यू-टर्न लिया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रियांक खड़गे ने कहा कि उनके प्रारंभिक आवेदन के 36 दिन बाद और उनके निर्धारित प्रस्थान के पांच दिन बाद 19 जून को अंततः मंजूरी प्रदान की गई। खड़गे ने कहा, अतः यू-टर्न लेते हुए विदेश मंत्रालय ने अब अपने पहले के फैसले को रद्द करने और मुझे संयुक्त राज्य अमेरिका की आधिकारिक यात्रा के लिए मंजूरी देने का निर्णय लिया है। उन्होंने प्रारंभिक अस्वीकृति के पीछे के उद्देश्यों और देरी पर सवाल उठाया। इससे पहले, कांग्रेस नेता ने यह भी दावा किया कि उन्होंने 14 से 27 जून के बीच दो वैश्विक मंचों - बोस्टन में बीआईओ इंटरनेशनल कन्वेंशन और सैन फ्रांसिस्को में डिजाइन ऑटोमेशन कॉन्फ्रेंस (डीएसी) में कर्नाटक सरकार का प्रतिनिधित्व करने के लिए यात्रा की मंजूरी के लिए 15 मई को आवेदन किया था। इसके अलावा निवेश और सहयोग के लिए प्रमुख कंपनियों, विश्वविद्यालयों और संस्थानों के साथ 25 से अधिक बैठकें भी करनी थीं। खड़गे ने आरोप लगाया कि उनके मूल अनुरोध, जिसमें प्रतिनिधिमंडल के हिस्से के रूप में अधिकारी शामिल थे, को 4 जून को बिना किसी आधिकारिक स्पष्टीकरण के अस्वीकार कर दिया गया था। केवल अधिकारियों के लिए संशोधित आवेदन को 11 जून को मंजूरी दी गई। केवल केओनिक्स चेयरमैन की मंजूरी के लिए बाद के अनुरोध को 14 जून को मंजूरी दी गई। उन्होंने अपने पोस्ट में आवेदनों और निर्णयों का क्रम बताते हुए टिप्पणी की, कालक्रम समझिए।

प्रियांक खरगे ने सोशल मीडिया पर लिखा कि उन्होंने इस मुद्दे पर 19 जून को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी, जिसमें वीजा के लिए क्लीयरेंस न देने पर सवाल उठाए गए और इसमें राजनीतिक दखल की आशंका जताई थी। मीडिया में यह मामला उठा। उसी दिन शाम में विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी वीजा के लिए क्लीयरेंस दे दी। खरगे ने सवाल किया कि 'पहले उन्हें क्लीयरेंस देने से क्यों मना किया गया? इस मामले के सार्वजनिक होने के बाद क्या मंत्रालय ने जवाबदेही से बचने के लिए वीजा के लिए क्लीयरेंस दी?' अभी तक इस मामले में विदेश मंत्रालय की तरफ से कोई बयान नहीं दिया गया है।




> सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रियांक खड़गे ने कहा कि उनके प्रारंभिक आवेदन के 36 दिन बाद और उनके निर्धारित प्रस्थान के पांच दिन बाद 19 जून को अंतत: मंजूरी प्रदान की गई।

# उपदेश देने का कोई नैतिक आधार नहीं... शहजाद पूनावाला ने दी तेजस्वी यादव को सलाह




> राजद को घोटाले के दोषियों की पार्टी करार देते हुए पूनावाला ने कहा कि जिस पार्टी का इतिहास चारा घोटाले से जुड़ा हो, जिसके नेता को दोषी ठहराया गया हो और जिसका परिवार जमीन के बदले नौकरी घोटाले में मुकदमे का सामना कर रहा हो, उसे किसी को उपदेश देने का कोई नैतिक आधार नहीं है।

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने शनिवार को राजद नेता तेजस्वी यादव पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मजाक उड़ाने वाली टिप्पणी के बाद तीखा हमला किया। राजद को घोटाले के दोषियों की पार्टी करार देते हुए पूनावाला ने कहा कि जिस पार्टी का इतिहास चारा घोटाले से जुड़ा हो, जिसके नेता को दोषी ठहराया गया हो और जिसका परिवार जमीन के बदले नौकरी घोटाले में मुकदमे का सामना कर रहा हो, उसे किसी को उपदेश देने का कोई नैतिक आधार नहीं है। पूनावाला ने कहा कि जब अहंकार और सामंती मानसिकता से प्रेरित ऐसे लोग उस प्रधानमंत्री का मजाक उड़ाते हैं, जिन्होंने कभी रेलवे प्लेटफॉर्म पर चाय बेची और वहीं से आगे बढ़े, तो उनकी असली अभिजात्य मानसिकता उजागर होती है। वंशवादी राजनीति पर तीखी टिप्पणी करते हुए पूनावाला ने राजद पर परिवार को संवैधानिक संस्थाओं से ऊपर रखने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा, यह वही मानसिकता है जिसमें परिवार को हमेशा संवैधानिक पदों से ऊपर रखा जाता है। उनके इतिहास में ऐसे उदाहरण भी हैं जहां डॉ. बी.आर. अंबेडकर की तस्वीर को उनके पैरों के पास रखकर उनका अपमान किया गया। उनके लिए परिवार पहले आता है, संविधान या राष्ट्र नहीं।

## सम्पादकीय

### बुजुर्ग होते विश्व में भारत की महत्ता, देश में लगातार बुजुर्गों की संख्या बढ़ रही है

वर्तमान में देश की आबादी में 60 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के लोगों का प्रतिशत 9.5 है। 2036 में ऐसे लोगों की आबादी बढ़कर 13.9 प्रतिशत हो जाएगी। चौथी रिपोर्ट संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की है। इसमें कहा गया है कि अगले 25 वर्षों में भारत की आबादी में 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की हिस्सेदारी 20.8 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी। देश में 16वीं जनगणना की अधिसूचना जारी हो चुकी है। देश में यह पहली ऐसी जनगणना होगी, जहां आंकड़ों का संकलन कागज-कलम से न होकर डिजिटल आधार पर किया जाएगा। 2011 के बाद होने वाली इस जनगणना में जाति गणना भी शामिल होगी। इस जनगणना से भारत में गरीबी, शिक्षा, लोगों की आय, लिंगानुपात, जाति, पंथ, अमीरी-गरीबी, युवा-बुजुर्ग इत्यादि की तस्वीर साफ होगी। अभी हम युवा देश हैं, परंतु हाल में देश में लिंगानुपात से संबंधित जो रपटें आई हैं, उनमें देश में वृद्धजनों की बढ़ती आबादी का आकलन किया गया है। इस पर ध्यान दिया जाना चाहिए। पहली रिपोर्ट प्लेसेस नामक जर्नल में प्रकाशित हुई है। इसके आंकड़े बताते हैं कि आज भारत का हर चौथा-पांचवां बुजुर्ग स्मृति लोप, भाषा का ठीक से प्रयोग न करने, सोचने-समझने एवं निर्णय लेने की क्षमता के कमजोर हो जाने जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। दूसरी रिपोर्ट भारतीय स्टेट बैंक ने जारी की है। इसके अनुसार भारत की कामकाजी आबादी की औसत आयु 2021 में 24 वर्ष के मुकाबले साल 2026 में बढ़कर 28-29 वर्ष हो जाएगी। आज चीन की कामकाजी औसत आयु 39.5 साल है। वहीं यूरोप में यह 42 साल, उत्तरी अमेरिका में 38 एवं एशिया में 32 साल है। वैश्विक स्तर पर यह औसत आयु 30.4 वर्ष दर्ज की गई है। एसबीआइ की रिपोर्ट संकेत देती है कि भारत में शून्य से चौदह साल के बच्चों की आबादी में गिरावट आ रही है। 1991 में इनकी जो आबादी 36.4 करोड़ थी, वह 2026 में घटकर 34 करोड़ रहने वाली है। आबादी में 1991 में इनकी जो हिस्सेदारी 37 प्रतिशत थी, वह वर्ष 2026 में घटकर 24.3 प्रतिशत रह जाएगी। इस प्रकार 60 साल से अधिक उम्र के लोगों की आबादी विगत ढाई दशक में बढ़कर दोगुनी हो गई है। इसका अर्थ है कि 2001 में बुजुर्गों की जो आबादी 7.9 करोड़ थी, वह साल 2026 में बढ़कर 15 करोड़ के आसपास पहुंच जाएगी। इनमें 7.7 करोड़ पुरुष तथा 7.3 करोड़ महिलाएं होंगी। इसी तरह वर्ष 2001 में देश में जो कामकाजी आबादी 58.6 करोड़ थी, 2026 में इसके बढ़कर 91 करोड़ होने का अनुमान है। माना जा रहा है कि अगली जनगणना में देश की कुल आबादी में 67 प्रतिशत हिस्सेदारी कामकाजी लोगों की होगी। इसी संदर्भ में तीसरी रिपोर्ट केंद्र सरकार के सांख्यिकी मंत्रालय ने प्रकाशित की है।

## आज का विचार







**मेष राशि :** आज का दिन आपके लिए निश्चित रूप से फलदायक रहने वाला है. आपकी योजनाओं को गति मिलेगी. आज आपकी कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी. आज आपको बड़ों का साथ व सहयोग भरपूर मात्रा में मिलेगा. आज आपकी शिक्षा में आ रही परेशानी से छुटकारा मिलेगा, आपको खुशी होगी.

**वृष राशि:** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है. दिनचर्या में सुबह की सैर शामिल करेंगे, जिससे आप अपने आप को काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे. कोई पुराना मित्र आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है

**मिथुन राशि:** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है. आज आप एक से अधिक स्रोतों से आय करेंग. शासन व प्रशासन के मामले में सावधानी बरतें. आज निवेश संबंधी मामलों को गति मिलेगी.

**कर्क राशि:** आज आपका दिन बेहद खुशहाल रहने वाला है. आज अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने की नयी योजना बनायेंगे, जिससे आपकी कामयाबी आसमान की बुलंदियों पर होगी. आपकी मुलाकात बचपन के किसी दोस्त से होगी, आपकी पुरानी यादें ताजा होंगी.

**सिंह राशि :** आज का दिन आपके लिए आनंदायक रहने वाला है. आपको अपनी वाणी की मधुरता को बनाए रखना है. आज बेवजह किसी से उलझने से बचे. आपका पुराना मित्र आपसे मिलने आएगा, जिससे मिलकर अपनी पुरानी यादें ताजा होंगी.

**कन्या राशि:** आज का दिन आपके लिए परिवार के लिए खुशियां लाने वाला है. परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ होगी. महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद खास रहने वाला है. आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है.

**तुला राशि :** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है. आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा. आपका धन कहां खर्च हो रहा है. इस पर आपको नजर बनाए रखने की जरूरत है, आने वाले समय में आपको पैसों की जरुरत पड़ सकती है.

**वृश्चिक राशि :** आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा. जीवनसाथी से किसी काम को लेकर विचार विमर्श करेंगे. आप अपने मित्रों के साथ किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे. घर परिवार में चल रही समस्या को आप अपनी सूझ बुझ से सॉल्व करने में सफल होंगे.

**धनु राशि:** आज का दिन आपके लिए ठीकठाक रहने वाला है. आज किसी भी कानूनी मामलों में जल्दबाजी न दिखाएं. अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाए रखेंगे तो भविष्य में आने वाली परेशानियों से भी बच जायेंगे. आज अपने काम को सामान्य गति से पूरा करेंगे. किसी नए काम की शुरूआत करना चाह रहे हैं

**मकर राशि :** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है. स्वास्थ्य के लिहाज से दिन अच्छा रहेगा. आज आपके बढ़ते खर्चे परेशानी का कारण बन सकते हैं इसीलिए बजट बनाकर चलने का प्रयास करें. किसी संपत्ति का सौदा जल्दबाजी में ना करें.

**कुंभ राशि:** आज का दिन आपके अनुकूल बना रहेगा. आज परिवार के साथ घर पर मूवी देखने की प्लानिंग करेंगे। सेहत के लिहाज से आप खुद को तंदरुस्त महसूस करेंगे. मार्केटिंग से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा.

**मीन राशि:** आज आपका दिन अच्छा रहेगा. नौकरी में तरक्की मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा. नए काम की शुरूआत जीवनसाथी को करा सकते हैं.आज कोई बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते है. इस राशि की जो महिलाएं बिजनेस कर रही हैं उनका दिन व्यस्तता से भरा होगा, लेकिन शाम का समय अपनी फैमिली के साथ बिताएंगी. ऑफिस के उच्चधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा, बिगड़े काम बन जाएंगे. आज आप कुछ नये विचारों पर भी काम करेंगे. आज का दिन व्यापार के लिये फायदेमंद साबित होगा.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# धर्म का एक दशक: मोदी युग में सांस्कृतिक पुनर्जागरण

> 2014 में शुरू से ही यह स्पष्ट था कि मोदी सरकार के तहत संस्कृति अब सजावटी नहीं रहेगी, बल्कि यह मूलभूत होगी। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पहली बार 2015 में मनाया गया था। अब दुनिया भर में लाखों लोगों को एक प्राचीन भारतीय परंपरा का जश्न मनाते देखा जा रहा है, जो शरीर, मन और आत्मा को आपस में जोड़ता है।

जनवरी 2024 में, जब पावन नगरी अयोध्या में सूर्योदय हुआ। सदियों से लुप्त हो चुकी प्रार्थना अब आखिरकार गुंजायमान होने लगी थी। श्री राम की अपने राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महज एक धार्मिक उपलब्धि नहीं थी। यह सभ्यता के उद्धार का क्षण था। सदियों के आक्रमण, औपनिवेशिक विकृति और राजनीतिक देरी के बाद, मंत्रों से गूंजता हुआ और इतिहास के स्पंदन सहित, बलुआ पत्थर में उकेरा गया यह मंदिर शान से खड़ा था। यह सिर्फ वास्तुकला के बारे में नहीं था, यह एक घायल आत्मा के उपचार के बारे में था। श्री राम की अपनी जन्मभूमि पर वापसी ने उस राष्ट्र की आस्था को फिर से जागृत कर दिया, जिसने लंबे समय तक अपने दिल में निर्वासन की खामोशी को समेटे रखा था। कुछ महीने पहले, भारत की प्राचीन आस्था का एक और प्रतीक चुपचाप अपने सही स्थान पर लौट आया। नई संसद के उद्घाटन के दौरान, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सेंगोल को स्थापित किया। यह एक पवित्र राजदंड है, जिसे 1947 में तमिल अधीनमों ने सत्ता के धार्मिक हस्तांतरण को चिह्नित करने के लिए जवाहरलाल नेहरू को भेंट किया था। दशकों से, इसे भुला दिया गया था, समुचित स्थान से वंचित किया गया, और एक प्रचलित राजदंड के तौर पर खारिज कर दिया गया था। इसकी स्थापना केवल स्मरण का कार्य नहीं था – यह एक शक्तिशाली घोषणा थी कि भारत अब खुद को उधार की आंखों से नहीं देखेगा। सेंगोल ने साम्राज्य के अवशेषों का नहीं, बल्कि धार्मिकता पर आधारित शासन का प्रतिनिधित्व किया। यह भारत की अपनी राज्य कला और आध्यात्मिक परंपराओं का एक महत्वपूर्ण आलिंगन था, जिसे उपनिवेशवाद के बाद के क्रम में लंबे समय तक नजरअंदाज किया गया था। इतना ही नहीं, इन क्षणों ने एक गहरे सांस्कृतिक पुनर्जागरण का संकेत दिया। यह एक सभ्यतागत गतिविधि के तौर पर ग्यारह परिवर्तनकारी वर्षों में सामने आएगी।



2014 में शुरू से ही यह स्पष्ट था कि मोदी सरकार के तहत संस्कृति अब सजावटी नहीं रहेगी, बल्कि यह मूलभूत होगी। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पहली बार 2015 में मनाया गया था। अब दुनिया भर में लाखों लोगों को एक प्राचीन भारतीय परंपरा का जश्न मनाते देखा जा रहा है, जो शरीर, मन और आत्मा को आपस में जोड़ता है। योग केवल एक स्वास्थ्य संबंधी दिनचर्या भर नहीं है, बल्कि यह पिछले कुछ वर्षों में भारत का सबसे बड़ा सांस्कृतिक निर्यात भी बन गया है। आयुष मंत्रालय के माध्यम से पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों के पुनरुद्धार को संस्थागत बल दिया गया। इसके परिणामस्वरूप आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी को राष्ट्रीय और वैश्विक मंचों पर पहुंचने में मदद मिली। समानांतर रूप से, सरकार ने संस्कृत, तमिल, पाली और प्राकृत जैसी शास्त्रीय भाषाओं को संरक्षित करने, पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने और उस्ताद एवं हमारी धरोहर जैसी योजनाओं के तहत लुप्तप्राय लोक कलाओं और शिल्पों का समर्थन करने के लिए मिशन शुरू किए। भारत की ऐतिहासिकों इमारतों में भी नई जान आ गई। 2018 में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का अनावरण केवल व्यापकता के बारे में नहीं था, बल्कि एक गाथा को पुन: प्रतिष्ठित करने जैसा था। सरदार वल्लभभाई पटेल लंबे समय से ओझल हो रहे थे। उनको राष्ट्रीय स्मृति में सबसे आगे रखा गया। राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ करना एक निर्णायक बदलाव का प्रतीक था। यह औपनिवेशिक प्रतीकवाद से देशी जवाबदेही की ओर बदलाव का भी प्रतीक था।

तमिलनाडु के महाबलीपुरम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति श्री शी जिनपिंग के बीच 2019 की अनौपचारिक शिखर वार्ता की तुलना में शायद कोई भी कूटनीतिक वार्ता इस बदलाव को बेहतर तरीके से नहीं दर्शाती है। दिल्ली के गलियारों से दूर, प्राचीन बंदरगाह का नगर, जो कभी पल्लव राजवंश और भारत–चीनी समुद्री संबंधों का एक संपन्न केंद्र होने के साथ–साथ दो सभ्यताओं के बीच वार्ता की पृष्ठभूमि बन गया। जब नेता चट्टानों को काटकर बनाए गए मंदिरों और पत्थर के रथों के बीच चले, तो भारत ने न केवल भूगोल, बल्कि इतिहास और न केवल प्रोटोकॉल, बल्कि विरासत को भी प्रस्तुत किया। यह अपने सबसे सूक्ष्म और सबसे मजबूत रूप में सॉफ्ट पावर था। यह सांस्कृतिक लोकाचार अन्य तरीकों से भी भारत की वैश्विक कूटनीति में प्रवाहित हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विश्व के नेताओं को राजकीय उपहार के तौर पर पट्टचित्र पेंटिंग से लेकर बच्चों के लिए लाख के खिलौने भेंट किए गए, जो अपने साथ भारत के कारीगरों और कालातीत परंपराओं के संदेश लेकर गए।

2023 में जी–20 की अध्यक्षता एक और सांस्कृतिक उपलब्धि साबित हुई। दिल्ली के डिप्लोमेटिक हॉल तक सीमित न रहकर, यह शिखर सम्मेलन सांस्कृतिक पहचान का अखिल भारतीय उत्सव बन गया। आदिवासी कला प्रदर्शनों से लेकर शास्त्रीय प्रदर्शनों तक, भारत ने न केवल अपनी नीतिगत गहराई, बल्कि अपनी आत्मा का भी प्रदर्शन किया। हर प्रतिनिधिमंडल भारत के रंगों, व्यंजनों, शिल्प और चेतना में डूबा हुआ था। संदेश स्पष्ट था: भारत भूतकाल की सभ्यता नहीं है – यह जीवंत, सशक्त और आत्मविश्वास से परिपूर्ण वैश्विक सभ्यता है।

इन वर्षों के दौरान, 600 से अधिक चोरी की गई कलाकृतियां विदेशी संग्रहालयों और संग्रहकताओं से वापस लाई गईं, जिनमें मूर्तियां, शिलालेख और पांडुलिपियां शामिल हैं। इनमें से प्रत्येक की वापसी न केवल कला की बल्कि सम्मान की बहाली थी। इसी तरह, गुरु गोविंद सिंह के वीर शहजादों की शहादत को याद करने के लिए वीर बाल दिवस की स्थापना की गई, जबकि जनजातीय गौरव दिवस ने आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों को राष्ट्रीय केन्द्र में लाया। महामारी भी सांस्कृतिक लौ को मद्धिम नहीं कर पाई। वर्चुअल कॉन्सर्ट, डिजिटल म्यूजियम टूर और मन की बात के माध्यम से, प्रधानमंत्री ने सुनिश्चित किया कि कला, कहानियां और सांस्कृतिक गौरव लॉकडाउन के एकांत में भी पुष्पित–पल्लवित होते रहें। विकास भी, विरासत भी के नारे जैसे अभियान में ये सभी समाहित हो गए। यह एक आह्वान है जो आर्थिक विकास को सांस्कृतिक गौरव के साथ–साथ चलने पर जोर देता है। मोदी सरकार के तहत, यह नारा केवल बयानबाजी नहीं था। इसने एक नई दृष्टि को परिभाषित किया। एक दृष्टि, जिसमें जीडीपी वृद्धि, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और रक्षा आधुनिकीकरण, मंदिर जीर्णोद्धार, आदिवासी गौरव और सभ्यता की गाथा समाहित थे।

भारत आज अपनी पहचान के इर्द–गिर्द नहीं घूमता। बिना किसी पछतावें और आत्मविश्वास से परिपूर्ण होकर यह आगे बढ़ता है। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद प्रगति की बाध्यकारी शक्ति के रूप में उभरा है, जिसे कभी प्रतिगामी के रूप में खारिज कर दिया गया था। भाजपा के वैचारिक कम्पास में, संस्कृति केवल एक सहायक भर नहीं है, बल्कि धुरी है। इन ग्यारह सालों में मोदी युग ने केवल सांस्कृतिक नीति को ही ध्यान में नहीं रखा है, बल्कि इसने सांस्कृतिक चेतना को भी जागृत किया है। जो पुनर्स्थापना के तौर पर शुरू हुआ था, वह पुनरुत्थान बन गया। जिन्हें कभी अतीत की स्मृतियों के तौर पर उपेक्षित किया जाता था, वे सभी अब राष्ट्रीय पहचान के केंद्र बन गए हैं।

राम मंदिर और सेंगोल हमेशा सांकेतिक प्रतीक बने रहेंगे, लेकिन विरासत की गहराई सामूहिक अहसास में निहित है। भारत का भविष्य तब सबसे उज्ज्वल होगा, जब वह याद रखेगा कि वह कहां से आया है। हम सिर्फ एक लंबा इतिहास वाला देश नहीं हैं, बल्कि हम एक लंबी स्मृति वाली जीवित सभ्यता हैं। और उस स्मृति में, धर्म की निगरानी में, भारत ने फिर से अपनी आवाज पाई है।

## सनातनी गौरव से ओतप्रोत भारतवर्ष, महान ग्रंथों से उत्सर्जित भारतीय संस्कृति।



संजीव ठाकुर

वेद तथा सनातनी ग्रंथों से मानव जीवन परिष्कृत होता है और सदाचार तथा वैदिक धर्म का ज्ञान मानव धर्मार्थ की खोज में एक यज्ञ की तरह है

भारतीय ऋग्वेद, अथर्ववेद और अनेक वेदों में इतनी शक्ति ऊर्जा और अर्थ छुपा हुआ है कि उसका अध्ययन मनन और चिंतन करने से भारत विश्व गुरु बनने की क्षमता रखता है। भारत की योग विद्या पूरे विश्व में अमेरिका सहित यूरोप में अपनाई गई है। यह अलग बात है कि कुछ देशों के प्रशासको द्वारा अपनी सनक एवं विस्तार वादी मानसिकता के पूरे विश्व मैं परमाणु युद्ध की संभावना बनी हुई है। इसका हल मी भारतीय संस्कृति संस्कारों में छुपा हुआ है उसे बस अपनाने की जरूरत है। भारतीय संस्कृति आज महावीर तथा बुध के पूरे विश्व में करोड़ों अनुयाई हैं, और दोनों ने श्रम तथा सार्थकता को जीवन में अपनाने को ही महत्व दिया था। सफलता उनके लिए मिथ्या के बराबर ही थी

गुरु नानक देव द्वारा प्रतिपादित सरबत दा भला, हो या महात्मा गांधी का सर्वोदय, ईसा मसीह की करुणा, मोहम्मद साहब, टैगोर का मानवतावाद या नेहरू का अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रवाद जीवन के श्रम तथा सार्थकता की खोज में बड़े महत्वपूर्ण उदाहरण है व्यक्तिगत और पारिवारिक स्तर पर देखा जाए तो महज रोजगार की तलाश विवाह संतानोत्पत्ति, बच्चों का भरण पोषण तथा सेवानिवृत्ति ही जीवन नहीं है। इसमें सामुदायिक श्रम और सार्थकता का समावेश होना समीचीन हैह्ल हालांकि इस बात में कोई दो मत नहीं कि पारिवारिक उत्तरदायित्व का निर्वहन समाजिक मूलभूत आवश्यकता हैह्ल पर इसके साथ साथ कुछ ऐसा सार्थक श्रम किया जाना चाहिए जो न केवल आत्मिक संतोष का अनुभव प्रदान करें, बल्कि सामाजिक हित और वैश्विक शांति में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दें, और समाज को दिशा देने वाली कोई परिणति समाज के सम्मुख प्रकट होह्ल

जिससे समाज के लोगों का जीवन परिष्कृत होह्ल इसी संदर्भ में राजा राममोहन राय, ईश्वर चंद्र विद्यासागर, सर सैयद अहमद खान, दयानंद सरस्वती, विवेकानंद ने हमेशा सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध अभियान चलाकर जीवन में श्रम तथा सार्थकता का महत्व बढ़ाकर सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का प्रयास किया था। यह स्पष्ट रूप से दिखाई देता है कि जीवन की असली खोज श्रम सार्थकता की उपलब्धि ना होती और तथाकथित सफलता के शिखर पर व्यक्ति बैठ जाता है और शांत हो जाता, तो सफलता के शिखर पर बैठे बिलगेट, वारेन बुफेट जैसे लोग अपनी अकूत संपत्ति का बड़ा भाग सामाजिक उद्देश्य के लिए दान नहीं करते। सुंदरलाल बहुगुणा चिपको आंदोलन चलाकर जल तथा पर्यावरण संरक्षण की बात नहीं करते। कैलाश सत्यार्थी बचपन बचाओ आंदोलन के माध्यम से बाल संरक्षण के अधिकारों का झंडा बुलंद नहीं कर पाते। थॉमस अल्वा एडिसन, आइंस्टीन, मैडम क्यूरी और राइट बंधुओं के श्रम और सार्थकता के प्रयास में ही सफलता का परचम फैलाया है। पर इन सब के पीछे उनकी असाध्य मेहनत और दिमागी सार्थकता ही मुख्य कारक बन कर उन्हें उत्प्रेरित करती रहे है। पर दूसरी तरफ यह भी सत्य है कि जीवन में सार्थकता की खोज सफलता के अभाव में संभव नहीं है। क्योंकि श्रम और सार्थकता का महत्व तभी तक है जब तक वह सफल ना हो, परंतु सफलता ही मनुष्य की अंतिम परिणति नहीं होनी चाहिए। अन्यथा जीवन में मानवीय मूल्यों का महत्व नगण्य में होने की संभावना बनी रहती है। अतः श्रम मेहनत और सार्थकता समेकित रूप से मिलकर एक बड़ी सफलता को जन्म देते हैं। श्रम तथा सार्थकता तभी प्राप्त होती है, जब सफलता का आधार प्राप्त हो जाए। पर मूलत सफल होना ही पर्याप्त नहीं है। और जीवन की असली खोज निरंतर श्रम तथा सार्थकता है। केवल सफलता आपको अस्थाई तथा तत्कालिक मानसिक शारीरिक सुख प्रदान कर सकती है। पर चिरस्थाई तथा आत्मिक संतोष के लिए उसमें श्रम तथा सार्थकता का समावेश होना अत्यंत आवश्यक होता है। अगर वह समाज के लिए एक आदर्श तथा उपयोगी मार्गदर्शक बन सकता है। इसलिए जीवन में केवल सफलता के पीछे ना जाकर श्रम, मेहनत और सार्थकता अत्यंत आवश्यक पहलू हैं।

## जी-7 शिखर सम्मेलन कनाडा में भारत की नसीहत के वैश्विक मायने

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिना लाग लपेट के दो टूक शब्दों में कहा कि, ₹वैश्विक शांति और समृद्धि के लिए हमारी सोच और नीति स्पष्ट होनी चाहिए। यदि कोई देश आतंकवाद का समर्थन करता है, तो उसे इसकी कीमत चुकानी होगी। जी-7 शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन ग्लोबल साउथ के हिमायती भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद, व्यापार और विकास जैसे अहम वैश्विक मुद्दों पर दुनिया के प्रमुख नेताओं के साथ बातचीत के दौरान जो नसीहत दी, उसके वैश्विक मायने खास हैं और उन्हें समझने-समझाने की भी जरूरत है, ताकि भारत के मतदाताओं में अपने अंतरराष्ट्रीय हितों के प्रति भी जागरूकता पनपे और बढ़े। बता दें कि कनाडा के कनानास्किस में आयोजित जी-7 आउटरीच सत्र को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की सख्त नीति को दोहराया और इस वैश्विक खतरे के खिलाफ एकजुट होकर निर्णायक कार्रवाई की मांग की। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि ₹आतंक समर्थक देशों को इसकी कीमत चुकानी होगी₹ उनका इशारा अमेरिका, कनाडा, जापान, इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी, इटली, यूरोपीय संघ के उन देशों की तरफ था जो अमेरिकी अगुवाई में लोकतंत्र की बात तो करते हैं, लेकिन आतंकवादी समर्थक देशों को भी वित्तीय मदद देते व अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से दिलवाते हैं। यही वजह है कि प्रधानमंत्री मोदी ने बिना लाग लपेट के दो टूक शब्दों में कहा कि, ₹वैश्विक शांति और समृद्धि के लिए हमारी सोच और नीति स्पष्ट होनी चाहिए। यदि कोई देश आतंकवाद का समर्थन करता है, तो उसे इसकी कीमत चुकानी होगी।₹ उन्होंने यहां तक कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय की कार्रवाई में दोहरा मापदंड नहीं होना चाहिए। ऐसा कहकर उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ और अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की पक्षपाती भूमिका पर भी सवाल खड़े दिए। प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट रूप से कहा कि, ₹एक ओर हम अपनी पसंद के अनुसार विभिन्न प्रकार के प्रतिबंध जल्दी से लगा देते हैं, वहीं दूसरी ओर जो देश खुलेआम आतंकवाद का समर्थन करते हैं, उन्हें पुरस्कृत किया जाता है। यह दोहरी नीति बंद होनी चाहिए।₹ समझा जाता है कि पीएम मोदी का इशारा पाकिस्तान की तरफ था, जिसे अमेरिका-चीन दोनों का सहयोग व समर्थन हासिल है। यह भारत के लिए चिंता की बात है, क्योंकि वह भारत में आतंकवाद व अन्य खुराफातों को बढ़ावा देता है। भारत को टुकड़े करने के स्वप्न देखता है।

इसे भी पढ़ें: ॠ-7 में ई इ२२ की तरह छा गये मोदी, भाषण पर तालियां बजाते रहे वैश्विक नेता विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने एक्स पर जानकारी देते हुए कहा कि, ₹प्रधानमंत्री ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख को दोहराया और पहलगाम में हुए जघन्य आतंकी हमले की निंदा करने के लिए नेताओं का आभार जताया। उन्होंने आतंकवाद को बढ़ावा देने और समर्थन देने वालों के खिलाफ सख्त वैश्विक कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया।₹ साथ ही पीएम मोदी ने जी-7 मंच से ग्लोबल साउथ के मुद्दे भी उठाए। गौरतलब है कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी। इसके जवाब में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया, जिसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में मौजूद आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया। प्रधानमंत्री ने जी-7 नेताओं के साथ अपनी बातचीत को उत्पादक बताया और कहा कि चर्चा वैश्विक चुनौतियों और बेहतर भविष्य की आशाओं पर केंद्रित रही। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन के दौरान ग्लोबल साउथ की चिंताओं और प्राथमिकताओं पर ध्यान दिए जाने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत ग्लोबल साउथ की आवाज को वैश्विक मंच पर पहुंचाना अपनी जिम्मेदारी समझता है।

# योग सुखमय जीवन की कुंजी : फडणवीस



शिंदे ने कहा, उस दिन भी मैंने योग किया था। उसी परिवर्तन के कारण आज हम प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह के सहयोग से राज्य के विकास को गति देते देख रहे हैं। योग को जीवन का हिस्सा बनाएं, इसे केवल एक दिन तक सीमित न रखें।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने शनिवार को कहा कि योग भारत की संस्कृति और परंपरा है तथा यह शरीर और आत्मा को तरोताजा करता है और खुशहाल जीवन की कुंजी है। फडणवीस ने पुणे में आयोजित एक ह्यभक्ति योगह्व कार्यक्रम में अपने वक्तव्य के दौरान कहा कि आज पूरी दुनिया ने योग को स्वीकार किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का प्रस्ताव रखा था और अब यह 11वां वर्ष है जब यह दिन वैश्विक स्तर पर मनाया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि संत तुकाराम महाराज और संत ज्ञानेश्वर महाराज की वार्षिक पालकी के साथ पुणे पहुंचने वाले भगवान विट्ठल के भक्त वारकरी भी अपने शिविरों में योग का अभ्यास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर 700 विद्यार्थियों ने भी अपने-अपने संस्थानों में योगाभ्यास में भाग लिया।फडणवीस ने कहा कि राज्य सरकार उचित समय पर कृषि ऋण माफी को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है और अपने वादे से पीछे नहीं हटेगी। उन्होंने कहा, मैंने इस बारे में विस्तार से बात की है। कृषि ऋण माफी के लिए नियम और प्रक्रियाएं हैं।

# 21 तारीख को हमने बड़ा योगा किया था...उद्धव ठाकरे के 'कम ऑन किल मी' डायलॉग पर शिंदे का बड़ा तंज-वीडियो

महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे के फिल्मी डायलॉग के बाद अब शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे ने बड़ा तंज कसा है। योग दिवस पर शिंदे ने कहा कि 21 जून को उन्होंने मैराथन योगा किया था। शिंदे ने नए बयान से उद्धव ठाकरे के दर्द पर फिर नमक रगड़ दिया था।



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने शिवसेना को तोड़ने के सवाल पर बड़ा बयान दिया है। मुंबई में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर शिंदे ने कहा वह एक मैराथन योग था। शिवसेना के टूटने की वजह से मुंबई का विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि आज मुंबई कोस्टल रोड है, अटल सेतु और रुकी पड़ी मेट्रो आगे बढ़ रही है। शिंदे ने सवाल पूछा कि पहले क्या ऐसा था। गौरतलब हो कि शिवसेना को तोड़ने लिए उद्धव ठाकरे एकनाथ शिंदे और उनके साथ गए नेताओं को 'गद्दार' कहते आए हैं। ऐसे में जब मुंबई में अब धीरे-धीरे करीब आठ साल बाद बीएमसी चुनावों की सरगर्मी शुरू हो रही है तब शिंदे ने शिवसेना के दो फाड़ होने को विकास से जोड़ा दिया है। उद्धव ठाकरे ने शिवसेना के स्थापना दिवस पर फिल्मी अंदाज में बोला था कम ऑन किल मी। अब शिंदे ने इस बयान पर नए अंदाज में पलटवार कर दिया है।गेटवे ऑफ इंडिया पर योग दिवस के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद जब एकनाथ शिंदे से पूछा गया कि 21 जून है। वह 21 जून को अलग हुए थे, तो महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे ने कहा कि 21 तारीख को ही हमने बड़ा योग किया था(शिवसेना का दो गुटों में बंटना), वो मैराथन योग था'। उस योग की शुरूआत मुंबई से हुई और उसी की वजह से 21 जून को महाराष्ट्र में काफी बदलाव आया है। हम यहां विकास देख रहे हैं। हमारी सरकार लोगों के लिए काम कर रही है। देवेंद्र फडणवीस और मैं पीएम मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में इस दिशा में काम कर रहे हैं।

## दोनों दलों में तल्ख बयानबाजी

गौरतलब हो एक 19 जून को शिवसेना के 59वें स्थापना दिवस पर दोनों दलों के बीच काफी तल्ख बयानबाजी सामने आई थी। उद्धव ठाकरे ने नाना पाटेकर की फिल्म प्रहार के अंदाज में अपने विरोधियों को चैलेंज किया था और कहा कम ऑन किल मी, इस पर शिंदे ने कहा था कि मरे हुए को क्या मारना। इतना नहीं शिंदे पर उद्धव ठाकरे गुट के नेता संजय राउत ने बड़ा तंज कसा था और कहा था कि शिंदे की शिवसेना का जन्म सूरत यानी गुजरात में हुआ था। ऐसे में उन्हें अमित शाह की तस्वीर लगानी चाहिए। उद्धव ठाकरे गुट शिंदे को चुनौती देते आया है कि अगर उनमें हिम्मत है तो बाल ठाकरे की तस्वीर लगाना बंद करें। शिंदे की तरफ लगातार कहा गया है वह सही में बाल ठाकरे की विचारधारा को आगे बढ़ रहा हैं।

फास्ट ट्रैक

# यौन उत्पीड़न की शिकार किसी लड़की को अनचाहे गर्भ के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता, बॉम्बे हाईकोर्ट का बड़ा कमेंट

बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा है कि यौन उत्पीड़न की शिकार किसी लड़की को उसके अनचाहे गर्भ को रखने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। इस टिप्पणी के साथ कोर्ट ने चिकित्सा विशेषज्ञों की प्रतिकूल रिपोर्ट के बावजूद 28 सप्ताह की गर्भवती 12 साल की लड़की को गर्भपात की अनुमति दे दी।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने 28 सप्ताह की गर्भवती 12 वर्षीय लड़की को गर्भपात की अनुमति दी है। लड़की यौन उत्पीड़न की शिकार थी। कोर्ट ने यह फैसला मेडिकल विशेषज्ञों की प्रतिकूल रिपोर्ट के बावजूद दिया। कोर्ट का कहना है कि किसी भी लड़की को उसकी इच्छा के विरुद्ध गर्भ रखने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। ऐसा करना उसके जीवन के फैसले लेने के अधिकार का उल्लंघन होगा। बॉम्बे हाईकोर्ट के जस्टिस नितिन साम्ब्रे और जस्टिस सचिन देशमुख की बेंच ने 17 जून को यह आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि यदि पीड़िता को उसकी इच्छा के विरुद्ध बच्चे को जन्म देने के लिए मजबूर किया जाता है तो अदालत उसे अपने जीवन का मार्ग तय करने के अधिकार से वंचित कर देगी। जांच के बाद एक मेडिकल बोर्ड ने राय दी थी कि लड़की की उम्र और भ्रूण के विकास के चरण को देखते हुए गर्भपात की प्रक्रिया अत्यधिक जोखिम भरी होगी।

# शिवसेना नेता मोहन राउत हत्याकांड में कोर्ट का बड़ा फैसला, 4 आरोपियों को सुनाई आजीवन कारावास की सजा

महाराष्ट्र में ठाणे जिले की एक अदालत ने शिवसेना नेता मोहन राउत की हत्या के 11 साल पुराने मामले में चार लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने 18 जून को अपना फैसला सुनाया, जिसकी प्रति शनिवार को उपलब्ध कराई गई। कोर्ट ने तीन अन्य को बरी कर दिया।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महाराष्ट्र के ठाणे जिले की एक अदालत ने 11 साल पुराने शिवसेना नेता मोहन राउत हत्याकांड में बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने चार आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ए.एन. सिरसीकर ने आरोपियों को कढउ की अलग-अलग धाराओं के तहत दोषी पाया है। हालांकि उन्हें महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम और शस्त्र अधिनियम के आरोपों से बरी कर दिया गया है। अदालत ने इस मामले में तीन अन्य आरोपियों को सबूतों की कमी के चलते बरी कर दिया है।अतिरिक्त विशेष न्यायाधीश ए.एन. सिरसीकर ने 18 जून को यह फैसला सुनाया था। इसकी कॉपी शनिवार को उपलब्ध कराई गई। अदालत ने चंद्रकांत उर्फ पिंट्या बलराम म्हस्कर (39), गंगाराम उर्फ गंग्या आत्माराम लिंगे (44), योगेश नारायण राउत (45) और अजय उर्फ अजय गजानन गुरव (37) को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।इन सभी पर 5,000 रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है। जुमार्ना न भरने पर उन्हें तीन महीने की अतिरिक्त जेल होगी।शिवसेना की बदलापुर शहर इकाई के उपप्रमुख मोहन राउत की 23 मई, 2014 की रात को उनके ऑफिस में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

# मध्य रेल ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस- 2025 को एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम के साथ मनाया

अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साह के साथ भाग लिया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क





मध्य रेल ने 21 जून, 2025 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 को बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया।इस वर्ष एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम के साथ 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है।श्री नरेंद्र मोदीजी, माननीय प्रधान मंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभा को संबोधित किया।श्री धर्म वीर मीना, महाप्रबंधक, मध्य रेल, श्रीमती आशा मीना, अध्यक्ष/सी आरडब्ल्यू डब्ल्यूओ, श्री प्रतीक गोस्वामी, अपर महाप्रबंधक, मध्य रेल, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, सीआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ के कार्यकारी सदस्य और मध्य रेल मुख्यालय और मुंबई मंडल के वरिष्ठ अधिकारी माननीय प्रधान मंत्री के प्रेरक संबोधन को सुनने के लिए मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस ऑडिटोरियम में एकत्र हुए। इसके बाद आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सुझाए गए 'कॉमन योग प्रोटोकॉल' के अनुरूप महिला पतंजलि योग समिति, मुंबई के योग स्वयंसेवकों के निर्देशन में एक कायाकल्प योग सत्र आयोजित किया गया।'कॉमन योग प्रोटोकॉल' के अनुसार इसी तरह के योग कार्यक्रम मध्य रेल के अन्य मंडलों और कारखानों में भी आयोजित किए गए। मध्य रेल ने जानकारी साझा करने और योग और इसके लाभों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का सक्रिय रूप से उपयोग किया।योग, एक परिवर्तनकारी अभ्यास है, जो शरीर, मन, आत्मा को स्वस्थ एवं मन को एकाग्रचित करता है, स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक समग्र दृष्टिकोण प्रदान करता है जो हमारे व्यस्त जीवन में शांति लाता है। नियमित रूप से योगाभ्यास करने से तनाव के प्रबंधन, शारीरिक लचीलापन, शरीर को मजबूत बनाने एवं भावनात्मक स्थिरता, ध्यान और सकारात्मकता उतपन्न करने में मदद मिलती है। यह शरीर को भीतर से गुणों का विकास करता है और जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाता है।मध्य रेल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 का पालन कर्मचारी कल्याण और स्वस्थ प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता का उदाहरण है। योग और उससे जुड़ी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करके मध्य रेल सकारात्मक कार्य वातावरण को बढ़ावा देने और अपने कर्मचारियों और आम जनता के समग्र कल्याण में योगदान देने का काम जारी रखे हुए है।

# पश्चिम रेलवे पर मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, शनिवार, 21 जून, 2025 को पश्चिम रेलवे पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री अशोक कुमार मिश्र ने योग सत्र कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस वर्ष का थीम है एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, सामान्य योग प्रोटोकॉल के तहत योग आसन महाप्रबंधक श्री अशोक कुमार मिश्र, प्रमुख विभागाध्यक्ष, विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती क्षमा मिश्र, पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन (हफहहड) की कार्यकारी समिति के सदस्यों के साथ-साथ पश्चिम रेलवे के कर्मचारियों द्वारा किए गए। सत्र का नेतृत्व डॉ. जैन्सी शेखर और उनकी टीम ने किया। इसके अलावा, आरपीएफ कर्मियों ने मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत ट्रेन के साथ योग करके समारोह में सक्रिय रूप से भाग लिया। विरार कारशेड में एसी लोकल उपनगरीय ट्रेन के साथ एक अनूठा योग सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें स्वास्थ्य और रेलवे संचालन के बीच सामंजस्य पर प्रकाश डाला गया।श्री विनीत ने आगे बताया कि इस वर्ष की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग मानव कल्याण और हमारे ग्रह के स्वास्थ्य के बीच समग्र संबंध को रेखांकित करती है। यह संतुलित जीवनशैली, टिकाऊ जीवन और वैश्विक सद्भाव को बढ़ावा देने में योग की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालती है। पश्चिम रेलवे के सभी छह मंडलों में भी योग सत्र आयोजित किए गए, जिसमें अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ-साथ उनके परिवार के सदस्यों ने भी अच्छी संख्या में भाग लिया। पश्चिम रेलवे के सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से जानकारीपूर्ण और आकर्षक वेब कार्ड पोस्ट किए गए, जिनमें योग के व्यापक लाभों को दशार्या गया और बताया गया कि यह कैसे एक स्वस्थ व्यक्ति, एक स्वस्थ समाज और एक स्वस्थ ग्रह के दृष्टिकोण का समर्थन करता है।पश्चिम रेलवे अपने सभी मूल्यवान संरक्षकों से अपील करता है कि वे अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए अपने दैनिक जीवन में योग का अभ्यास करने की आदत डालें।

# मध्य रेल के सोलापुर मंडल ने उत्साह और सामूहिक भागीदारी के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 मनाया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मध्य रेल के सोलापुर मंडल ने अपने कार्यालयों, स्टेशनों और डिपो में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (ID) 2025 को बड़े उत्साह और सामूहिक भागीदारी के साथ मनाया। इस वर्ष का वैश्विक विषय - एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग - मानव कल्याण और हमारे ग्रह के स्वास्थ्य के बीच गहरे अंतसंबंध को उजागर करता है, जो सर्वे संतु निरामया (सभी रोग मुक्त हों) के भारतीय लोकाचार को दशार्ता है। समारोह के हिस्से के रूप में, सोलापुर के बाल विकास स्कूल में अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए एक विशेष योग सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक (अऊफ्ट) श्री अंशुमाली कुमार ने किया, जिन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित किया और शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक शांति और भावनात्मक संतुलन को बढ़ावा देने में योग के समग्र लाभों पर जोर दिया। योग प्रशिक्षक सुश्री पूर्णिमा टंकसाली ने आयुष मंत्रालय द्वारा निर्धारित सामान्य योग प्रोटोकॉल पर आधारित निर्देशित योग सत्र के माध्यम से प्रतिभागियों का नेतृत्व किया। उन्होंने इस बारे में भी बहुमूल्य जानकारी साझा की कि कैसे योग को दैनिक दिनचर्या में शामिल करने से तनाव कम करने और स्वस्थ कार्य-जीवन संतुलन बनाए रखने में बहुत मदद मिल सकती है।कर्मचारियों के कल्याण और जन-जन तक पहुँच के प्रति भारतीय रेल की प्रतिबद्धता के अनुरूप, सोलापुर मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों और डिपो पर योग दिवस की गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं। सोशल मीडिया पर जागरूकता अभियान के साथ-साथ, योग के स्वास्थ्य लाभों को बढ़ावा देने वाली जानकारी डिस्प्ले स्क्रीन पर लगाई गईं और जागरूकता बढ़ाने के लिए स्टेशनों पर मधुर योग गीत बजाया गयासोलापुर मंडल ऐसे समारोहों के माध्यम से अपने कर्मचारियों और व्यापक समुदाय के समग्र कल्याण के प्रति अपने समर्पण को मजबूत करता है।

# भुसावल मंडल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 का आयोजन थीम एक धरती, एक स्वास्थ्य के लिए योग

पथज्योत रेलवे खेल मैदान में भुसावल मंडल एवं जलगांव जिला प्रशासन द्वारा विशाल योग सत्र का आयोजन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



भुसावल मंडल ने 21 जून 2025 को 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया। इस वर्ष का थीम था एक धरती, एक स्वास्थ्य के लिए योगह्व। इस अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देशवासियों को संबोधित किया। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय एवं युवा मामलों और खेल मंत्रालय के मार्गदर्शन में, मध्य रेल के भुसावल मंडल एवं जलगांव जिला प्रशासन द्वारा पथज्योत रेलवे खेल मैदान, भुसावल में एक विशाल सामूहिक योग सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कई गणमान्य अतिथियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिनमें केंद्रीय युवा मामलों और खेल मंत्री श्रीमती रक्षा निखिल खडसे, महाराष्ट्र राज्य के जल संसाधन मंत्री श्री गिरीश महाजन, वस्त्र मंत्री श्री संजय सावकारे, मंडल रेल प्रबंधक श्रीमती इति पांडे, जिलाधिकारी श्री आयुष प्रसाद, और जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती मीनल करनवाल प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त वरिष्ठ रेलवे अधिकारी, राज्य शासन के अधिकारी, स्थानीय नागरिक, स्कूली छात्र, रेलवे कर्मचारी एवं उनके परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कुल मिलाकर लगभग 5000 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रसिद्ध योग प्रशिक्षिका श्रीमती चंचल माली, डॉ. आदित्य एवं डॉ. शारयू के साथ, योग की विभिन्न मुद्राओं का सीधा प्रदर्शन एवं उनके स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि एक सम्पूर्ण जीवनशैली है जो तनावमुक्त जीवन, मानसिक संतुलन एवं आंतरिक शांति को बढ़ावा देती है। कार्यक्रम में प्राणायाम, विभिन्न आसनों, एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। सभी प्रतिभागियों ने अनुशासनपूर्वक भाग लेते हुए एकता और समरसता का वातावरण बनाया। इस अवसर पर यह संदेश दिया गयाःनियमित योग करें, स्वस्थ जीवन जिएं इस कार्यक्रम ने योग के समग्र स्वरूप को रेखांकित किया झ शरीर, मन और आत्मा के संतुलन का माध्यम। नियमित योग अभ्यास से तनाव में कमी, लचीलापन, शारीरिक और मानसिक शक्ति, एकाग्रता और सकारात्मकता में वृद्धि होती है। भुसावल मंडल के विभिन्न डिपो एवं कार्यशालाओं में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। मंडल द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से योग के महत्व और लाभों को लेकर जागरूकता भी व्यापक रूप से फैलाई गई। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने भुसावल मंडल एवं जलगांव जिला प्रशासन के समन्वित प्रयासों की सराहना की।


**पश्चिम रेलवे**

**अर्थिंग सिस्टम की आपूर्ति और क्रियान्वयन**

वरि. डीएसटीई/उत्तर/मुंबई सेंट्रल, 2री मंजिल, मंडल रेल प्रबंधक का कार्यालय, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400 008 द्वारा **ई-निविदा क्र. : एसजी_216_2_128_डब्ल्यूए दि. : 18.06.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य एवं स्थान : पश्चिम रेलवे, मुंबई मंडल के चर्चगेट – पालधी** अनुभाग के संकेत एवं दूरसंचार अधिष्ठापनों और गियर्स की सुरक्षा हेतु अर्थिंग प्रणाली की आपूर्ति, अधिष्ठापन, परीक्षण और क्रियान्वयन. **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 4,66,25,265.18. **ईएमडी** : रु. 3,83,100/-. **ई-निविदा दस्तावेज जमा करना बंद होने की तिथि एवं समय** : 14.07.2025 को 15.00 बजे तक. **ई-निविदा खुलने की तिथि एवं समय** : 14.07.2025 को 15.30 बजे. निविदा वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0292

Like us on : facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**विखंडन कार्य**

उप मुख्य यांत्रिक अभियंता, ईएमयू वर्कशॉप महालक्ष्मी, मुंबई – 13 द्वारा **निविदा सूचना क्र. : ईएल90-एमएक्स-2025-26-03-एम** आमंत्रित की जाती है. **स्थान के साथ कार्य का नाम** : एसी/नॉन-एसी ईएमयू, आईसीएफ-एसी/नॉन-एसी एमईएमयू, वंदे भारत, ट्रेन 18, टॉवर वैगन और किसी भी प्रकार की अन्य बोगी (ट्रॉलीज) तथा इनके सहायक कम्पोनेंट्स का विखंडन और ईएमयू वर्कशॉप, महालक्ष्मी में नामांकित डिब्बों/स्थानों तक कम्पोनेंट्स/पार्ट्स की शिफ्टिंग. **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 34,80,184/-. **बोली सुरक्षा (ईएमडी)** : रु. 69,600/-. **ई-बोलियां ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय** : 05.07.2025, 14.00 बजे तक. **ई-निविदाएं खुलने की तिथि** : 05.07.2025 को 14.00 बजे. बोली प्रपत्र तथा अन्य विवरण जैसे कि शुद्धिपत्र आदि वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किए जा सकते हैं. 0282

Like us on : facebook.com/WesternRly

**पश्चिम मध्य रेल**

**शुद्धिपत्र संख्या 24 / 2025**

निविदा सं. 38251637 जिसके खुलने की तिथि 08 / 07 / 2025 थी, जो कि इस कार्यालय की निविदा नोटिस सं. EPS / 77 /2025. के तहत प्रकाशित की गई थी, इसमें निम्न संशोधन किए गए है– **निविदा संख्या एवं संक्षिप्त विवरण** : 38251637, **विवरण:** लीवर असेंबली, **निविदा खुलने की तिथि : From : 08/07/2025 12:30, To: 25/07/2025 12:30 ONUS OF SUBMISSION OF REQUISITE DOCUMENTS:** The onus of submission of requisite documents as given above for establishing thier eligibility for bulk or developmental order lies with the tenderer. Tederers are to note that non submission of the documents as detailed above shall be taken as they are not having any such documents. In case the tenderers do not submit the requisite documents as detailed above along with their e-offer, for stock item WCR reserves the right to decide the tender on the basis of their past supply performance records as per IMMS history sheet of WCR for the tendered item. In case of non-stock items, WCR resrves the right to decide the tender on the basis of WCR vendor performance available in IMMS for the tendered item. No back- reference in this regard will be made with the bidder. अद्धतन एवं पूर्ण जानकारी के लिए वेवसाईट **http:// www.ireps.gov.in** देखें।

(हस्ता)
कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक
पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**पश्चिम रेलवे**

**एलएचबी व्हील रिम एवं ट्रीड की अल्ट्रासोनिक टेस्टिंग**

मुख्य कार्यशाला प्रबंधक, कैरिएज मरम्मत वर्कशॉप, पश्चिम रेलवे, एन. एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल, मुंबई – 13 द्वारा **निविदा सूचना क्र. : डब्ल्यूआर-पीएल-एमई-ईएसटी-619518 दिनांक : 17.06.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य का नाम** : कार्य के विस्तार के अनुसार लोअर परेल वर्कशॉप में एलएचबी व्हील रिम एवं ट्रीड की अल्ट्रासोनिक टेस्टिंग. **अनुमानित लागत** : रु. 83,32,275/-. **ईएमडी** : रु. 1,66,700/-. **ई-बोलियां ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय** : 10.07.2025 को 13.00 बजे तक, ई-निविदाएं खुलना : 10.07.2025 को 13.00 बजे. बोली प्रपत्र तथा अन्य विवरण जैसे कि शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किए जा सकते हैं. अधिक जानकारी के लिए मुख्य कार्यशाला प्रबंधक के कार्यालय में कामकाजी समय के दौरान संपर्क करें. 0293

Like us on : facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**सेवा भवन का प्रावधान**

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, 6ठी मंजिल, इंजी.विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400 008 द्वारा **ई-निविदा सूचना क्र. : बीसीटी/25-26/91, दि. 17.06.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य एवं स्थान : दादर** – गार्ड एवं मोटरमैन लॉबी के साथ एस.एस., डि. एस. एस. कार्यालय के लिए सेवा भवन का प्रावधान. **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 97,40,499.69. **ईएमडी** : रु. 1,94,800/-. **जमा करने की तिथि एवं समय** : 15.07.2025, 15.00 बजे तक. **खुलने की तिथि एवं समय** : 15.07.2025 को 15.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0286

Like us on : facebook.com/WesternRly

**मध्य रेल**

**सामग्री प्रबंधन विभाग**

**ई.–निविदा सूचना क्रमांक. NIT/01/25/27 दिनांक 19–जून–2025**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी और से, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, मध्य रैलवे निम्नलिखित वस्तुओं की आपूर्ति के लिए ई–निविदाएं आमंत्रित करते हैं:

| क्र. | निविदा क्र. | विविरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 27244658ए | इलेक्ट्रॉनिक ब्रेक वाल्व का सेट | 09 सेट | 07–जुलाई–25 |
| 2 | 38251080 | उन्नत श्रेणी ई (6X11)कार्ट्रिज टेपर्ड रोलर बेयरिंग का उपयोग भारतीय रेलवे के माल स्टॉक के कास्ट स्टील बोगियों (संकीर्ण/चौड़े जबड़े) पर 22.9/25T एक्सल लोड | 1530 नग | 07–जुलाई–25 |
| 3 | 38253311ए | स्थिर संपर्क पॉली यूरेथेन साइड बियरर पैड असेंबली | 2999 नग | 07–जुलाई–25 |
| 4 | 43251118 | 110V, 40AH लीड एसिड बैटरी सेट | 50 सेट | 07–जुलाई–25 |
| 5 | 42241208ए | पैन्टोग्राफ पूर्ण | 06 नग | 10–जुलाई–25 |
| 6 | 27251021 | हिताची गियर केस असेंबली | 284 नग | 11–जुलाई–25 |
| 7 | 27253249ए | रोलर बियरिंग्स का सेट | 982 सेट | 14–जुलाई–25 |
| 8 | 27253334ए | बुल गियर 72 दांत | 103 नग | 14–जुलाई–25 |
| 9 | 27253844 | अर्थ रिटर्न ब्रश होल्डर असेंबली | 207 सेट | 14–जुलाई–25 |
| 10 | 38253327बी | आरडीएसओ ड्राइंग.नं.एसके–73547, ऑल्ट–14 के लिए ब्रेक पाइप के लिए एयर ब्रेक पाइप | 11807 नग | 14–जुलाई–25 |
| 11 | 27251041 | पहिया सेट की सस्पेंशन यूनिट के लिए आइटम का सेट | 87 सेट | 17–जुलाई–25 |
| 12 | 75252078 | विनाइल लेपित अपहोल्ट्री [कृत्रिम लेदर] | 206830 मीटर | 17–जुलाई–25 |
| 13 | 79252373 | गोल्ड प्लेटेड रजत पदक | 2841 नग | 18–जुलाई–25 |
| 14 | 27253796 | एअर कंप्रेसर | 92 नग | 21–जुलाई–25 |
| 15 | 38254972 | एलएचबी एसी ईओजी कोचों के लिए उच्च क्षमता 500 एएमपी, 750 वोल्ट इंटर व्हीक्युलर कपलर | 373 सेट | 21–जुलाई–25 |
| 16 | 38251885 | नॉन –एस्बेस्टोस एल–प्रकार संरचना ब्रेक ब्लॉक | 86715 नग | 18–अगस्त–25 |

नोटः– उपरोक्त सभी निविदाएं ई–निविदाएं हैं और सभी निविदाकारों से अनुरोध है कि वे अपनी बोलियां IREPS वेबसाइट https://www.ireps.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन जमा करें। उपर्युक्त निविदाओं और अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में अधिक जानकारी के लिए कृपया IREPS वेबसाइट पर जाएं।

कृते प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक

टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करे 190

**पश्चिम मध्य रेल**

**शुद्धिपत्र संख्या 23 / 2025**

निविदा सं. 38252173 जिसके खुलने की तिथि 07 / 07 / 2025 थी, जो कि इस कार्यालय की निविदा नोटिस सं. EPS/77/2025. के तहत प्रकाशित की गई थी, इसमें निम्न संशोधन किए गए है– **Tender No. & short Description :** 38252173 **Description :** Key बोल्ट विथ nut, स्प्रिंग वॉशर & स्प्लिट पिन **Tender Opening Date : Existing Value :** 07/07/2025 12:30, **Modified Value** 23/07/2025 12:30 **ONUS OF SUBMISSION OF REQUISITE DOCUMENTS:** The onus of submission of requisite document as given above for establishing thier eligibility for bulk or developmental order lies with the tenderer. Tenderes are to note that non submission of the documents as detailed above shall be taken as they are not having any such documents. In case the tenderers do not submit the requisite documents as detailed above along with their e-offer, for stock items WCR reserves the right to decide the tender on the basis of their past supply performance records as per IMMS history sheet of WCR for the tendered item. In case of non-stock items, WCR resrves the right to decide the tender on the basis of WCR vendor performance available in IMMs for the tendered item. No back- reference in this regard will be made with the bidder. अद्धतन एवं पूर्ण जानकारी के लिए वेवसाईट **http:// www.ireps.gov.in**

(हस्ता)
कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक
पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

# घनसोली बेघर आश्रय केंद्र में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

नवी मुंबई , मनपा के सामाजिक विकास विभाग के माध्यम से घनसोली में बेघर आश्रय केंद्र संचालित है और वर्तमान में इस केंद्र में 100 लाभार्थी रह रहे हैं, जिनमें 48 पुरुष, 50 महिलाएं और 2 बच्चे शामिल हैं।



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज इस बेघर आश्रय केंद्र में योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं और पुरुषों सहित कुल 61 लाभार्थियों ने भाग लिया। मनपा आयुक्त डॉ. कैलाश शिंदे के मार्गदर्शन में सामाजिक विकास विभाग के उपायुक्त किसनराव पलांडे के नियंत्रण में बेघर आश्रय केंद्र में आयोजित इस योग दिवस कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक निशा जांगिड़ ने योग आसन की शिक्षा दी। एनयूएलएम विभाग के प्रबंधक तुषार पवार ने बेघर आश्रय केंद्र के लाभार्थियों को योग का महत्व समझाया। उन्होंने सभी से प्रतिदिन नियमित रूप से योग करने की अपील की क्योंकि इससे मन और शरीर संतुलित रहता है। आस्था सामाजिक विकास सेवा संस्था के कार्यकताओं ने इस पहल को सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत की।

# महात्मा गांधी विद्यालय अंबरनाथ में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया

## अंबरनाथ में योग को लेकर एक बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा- प्राचार्य संतोष भणगे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अंबरनाथ. अंबरनाथ शहर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था दि एजुकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित महात्मा गांधी विद्यालय और जूनियर कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के अवसर पर विद्यार्थियों और शैक्षणिक स्टॉफ आदि को लेकर योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के प्रा.शैलेश रायकर ने इस विषय में जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 69 वें सत्र में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने की परंपरा को प्रारंभ किया गया। यह दिन हमें बताता है कि योग को दैनिक जीवन में लाकर हम अपने शरीर और समाज को स्वस्थ रख सकते हैं। योग का अभ्यास हमें अनेक छोटी बड़ी बीमारियों से बचाकर स्वस्थ रखता है। युग से मन एकाग्र,शांत और स्थिर रहता है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए विद्यालय सभागार में कक्षा 5 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए योग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। बच्चों को योग के महत्व को बताते हुए योग को दैनिक दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया। प्राणायाम और ध्यान के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर अभिभावकों के लिए एक विशेष शिविर का भी आयोजन किया गया। सहयोगी योग शिक्षिका सुप्रिया भोरे के नेतृत्व में योग प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित हुआ। विद्यालय के प्राचार्य संतोष भणगे ने इस अवसर कहा कि हम योग के प्रचार प्रसार को लेकर एक बड़ा आंदोलन खड़ा करना चाहते हैं। इसके लिए विद्यार्थियों, अभिभावकों, शैक्षणिक स्टॉफ आदि को मिलकर सहकार करना होगा। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी पदाधिकारी, शिक्षकगणों के साथ साथ लगभग 500 विद्यार्थी उपस्थित थे।

# फास्ट ट्रैक

## खेत में मिला मजदूर का शव

### पानी लगाने गए, दोपहर में शरीर पर चोट के निशान मिले

शाहजहांपुर, बंडा थाना क्षेत्र के बसंतापुर गांव में एक खेत से 55 वर्षीय मजदूर का शव मिला है। मृतक की पहचान छब्बा लाल मरेना के रूप में हुई है। छब्बा लाल पिछले 15 सालों से मुख्तार सिंह के झाले पर रहकर मजदूरी करते थे। वह खेत में पानी लगाने गए थे।



वह झाले पर नहीं पहुंचे, तो उनकी तलाश शुरू की गई। दोपहर करीब 1 बजे खेत में उनका शव मिला। शव के पास एक फावड़ा रखा हुआ था। मृतक के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## विकलांग महिला की पेंशन 3 साल से बंद

### मानसिक रूप से बीमार, पति ने घर से निकाला, एसडीएम से लगाई गुहार

शाहजहांपुर , तिलहर तहसील के गांव पिपरी की कुसुम लता कश्यप को तीन साल से पेंशन नहीं मिल रही है। वह अधिकारियों के दफ्तरों के चक्कर लगा रही हैं। कुसुम लता की स्थिति और भी कठिन है। उनके पति प्रकाश कश्यप मानसिक रूप से बीमार हैं। वह विक्षिप्त जैसी हरकतें करते हैं। उन्होंने कुसुम लता को घर से निकाल दिया है। अब वह अपनी ननद सुनीता के गांव गुर्गिया स्थित घर में रह रही हैं। शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में कुसुम लता ने एसडीएम रविंद्र कुमार को प्रार्थना पत्र दिया। उन्होंने पेंशन बहाल करने की मांग की। एसडीएम ने आश्वासन दिया है कि पीड़ित महिला की समस्या का जल्द समाधान किया जाएगा।



## सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा

### जलालाबाद में पिता-पुत्र के खिलाफ एफआईआर, धान की फसल लगाने का आरोप

शाहजहांपुर , जलालाबाद में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने के मामले में दो लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। यह कार्रवाई तहसीलदार के निर्देश पर की गई है। मामला जलालाबाद के ग्राम गुरगवां का है। राजस्व विभाग ने यहां नवीन परती की भूमि को चक मार्ग और नाली निर्माण के लिए चिह्नित किया था। इस जमीन पर गांव के अमर सिंह पुत्र भूधर सिंह और उनके पुत्र श्याम सिंह का कब्जा पाया गया। अधिकारियों ने दोनों को कब्जा छोड़ने के निर्देश दिए। लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। इतना ही नहीं, 18 जून 2025 को दोनों ने गाटा संख्या 115 के साथ-साथ गाटा संख्या 112 (चकमार्ग), 113 (नाली) और 114 (नवीन परती) की भूमि पर धान की फसल भी लगा दी। यह मामला दीपक सिंह पुत्र रामप्रताप सिंह की शिकायत पर सामने आया।

# शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए नियमित योग आवश्यक :डॉ. इंदु रानी जाखड़

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



पालघर , आधुनिक जीवनशैली को देखते हुए शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए नियमित योग आवश्यक है। जिलाधिकारी डॉ. इंदु रानी जाखड़ ने इस आशय का उद्गार व्यक्त किया है। 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन और जिला खेल अधिकारी कार्यालय के सहयोग से जिला खेल परिसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज रानडे, उप जिलाधिकारी रविंद्र राजपूत, जिला शल्य चिकित्सक डॉ. रामदास मराड, जिला स्वास्थ्य अधिकारी सतीश चौधरी, जिला खेल अधिकारी सुहास वनमाने, तहसीलदार सचिन भालेराव के साथ ही स्कूल और कॉलेज के छात्र-छात्राएं मौजूद थे। आज के तनावपूर्ण जीवन में मानसिक शांति बहुत जरूरी है। योग से मानसिक स्थिरता प्राप्त होती है। इसलिए अच्छे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने और स्वस्थ, खुशहाल जीवन जीने के लिए सभी को नियमित रूप से योग का अभ्यास करना चाहिए, ऐसा जिलाधिकारी डॉ. इंदु रानी जाखड़ ने कहा है। जिलाधिकारी डॉ. इंदु रानी जाखड़ ने कहा कि वर्तमान भागदौड़ भरी जिंदगी में हर किसी की जीवनशैली बदल गई है। इसलिए सभी को स्वस्थ भोजन करना चाहिए। अभिभावकों को भी अपने बच्चों के खान-पान पर ध्यान देना चाहिए। आज हर किसी को तनाव का सामना करना पड़ता है। इसलिए तनाव मुक्त रहने के लिए हम सभी को अपनी जीवनशैली में नियमित रूप से योग व व्यायाम को शामिल करना चाहिए। योग सिर्फ व्यायाम नहीं है, बल्कि योग शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रखता है। नियमित योगाभ्यास से शरीर में ऊर्जा का संचार होता है। जिलाधिकारी डॉ. इंदु रानी जाखड़ ने कहा कि योग से न सिर्फ मानसिक शांति मिलती है, बल्कि तनाव दूर करने व एकाग्रता बढ़ाने में भी मदद मिलती है। इस वर्ष योग दिवस का नारा है 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग'। योग प्रदर्शन की शुरूआत केंद्र सरकार द्वारा जारी कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार प्रार्थना से हुई। इस अवसर पर योग प्री-वर्कआउट प्रदर्शन के साथ ही प्राणायाम, नाड़ी शोधन क्रिया व भ्रामरी आदि योगासन किए गए। इसके बाद ध्यान कराया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों ने भाग लिया और योग आसन किए।

# अंबरनाथ में शिवसेना के सौजन्य से विद्यार्थियों को शैक्षणिक साहित्य और ज्येष्ठ नागरिकों को छतरी का वितरण किया गया

### हमारी राजनीति का मूलमंत्र 80 प्रतिशत समाजकार्य और 20 प्रतिशत राजनीति था, है और आगे भी रहेगा- अरविंद वालेकर





भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अंबरनाथ. शिवसेना और शिवसेना शहर प्रमुख अरविंद वालेकर के सौजन्य से अंबरनाथ पूर्व स्थित शिवसेना शहर शाखा भवन में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी शनिवार 21 जून को प्राथमिक शिक्षा ग्रहण करने वाले पहली से सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों को शैक्षणिक साहित्य (पुस्तकें, कंपास,बैग,छतरी आदि) और वरिष्ठ नागरिकों को छतरी का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 5 हजार स्कूली छात्रों और वरिष्ठ नागरिकों को क्रमशः शैक्षणिक साहित्य और छतरियों का वितरण किया गया। इस वितरण कार्यक्रम में स्कूली विद्यार्थियों और ज्येष्ठ नागरिकों की लंबी लाइन देखी गई। विद्यार्थियों के चेहरों पर शैक्षणिक साहित्य प्राप्त करने की खुशी अलग दिख रही थी। इस अवसर पर शिवसेना शहर प्रमुख अरविंद वालेकर ने कहा कि 19 जून 1966 को शिवसेना की स्थापना के समय पार्टी प्रमुख बालासाहेब ठाकरे द्वारा दिए गए मूलमंत्र 80 प्रतिशत समाजकार्य और 20 प्रतिशत राजनीति को हम लोग तब से लेकर आज तक व्यवहार में ला रहे है। उन्होंने पार्टी के कुछ लोगों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वे सिर्फ राजनीति करते हैं उनका समाजकार्यों से वास्ता नही है। उन्होंने आगे कहा कि यहां आकर देखो की अंबरनाथकरों की सेवा करना ही हमारी राजनीति का मूलमंत्र है। इस कार्यक्रम की सफलता में शिवसेना,शिवसेना महिला आघाड़ी और युवासेना के सभी पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। इस कार्यक्रम शिवसेना शहर प्रमुख अरविंद वालेकर, पूर्व नगराध्यक्ष मनीषा वालेकर, एडवोकेट निखिल वालेकर, पूर्व नगरसेवक राजू शिर्के, रूपसिंह धल, भूषण वालेकर, नीता परदेशी, सुप्रिया मालूसरे, शिवाजी गायकवाड, उमेश यादव आदि के साथ साथ कार्यकताओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

# धरती आभा अभियान के तहत बैंकों ने ग्राम पंचायत कार्यालयों में आयोजित किए वित्तीय साक्षरता शिविर

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




ठाणे , ठाणे जिला प्रशासन के धरती आभा अभियान के तहत आदिवासी और दूरदराज के क्षेत्रों के नागरिकों के लिए वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किए गए। ये शिविर राहुर, मेंडे, मोहोप, दहीवली, नेवाडे आदि विभिन्न ग्राम पंचायत कार्यालयों में आयोजित किए गए। ये शिविर 30 जून तक विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में आदिवासी समुदाय के नागरिकों को बैंकिंग सेवाओं, बचत खातों के महत्व, डिजिटल लेन-देन के साथ-साथ सरकारी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। विशेष रूप से नए बचत खाते खोले गए (प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत), प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) में पंजीकरण, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) में पंजीकरण के बारे में जानकारी दी गई ।बैंक प्रतिनिधियों और वित्तीय साक्षरता सलाहकारों की भागीदारी में मौके पर बैंकिंग सेवाएं प्रदान की गईं। इससे नागरिकों को सीधा लाभ हुआ। इन शिविरों में आदिवासी महिलाओं, युवाओं और ग्रामीणों की ओर से सहज प्रतिक्रिया मिली। इससे बैंकिंग क्षेत्र में विश्वास बढ़ाने में मदद मिली। ये शिविर गांव में विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी देने और शंकाओं को दूर करने में भी प्रभावी रहे। धरती आभा अभियान के माध्यम से ठाणे जिला प्रशासन के व्यापक और जमीनी स्तर के सशक्तिकरण के लक्ष्य को जिलाधिकारी अशोक शिंगारे, मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे, जिला बैंक प्रबंधक अभिषेक पवार के मार्गदर्शन में विभिन्न राष्ट्रीयकृत बैंकों के प्रबंधकों और उनके कर्मचारियों के संयुक्त प्रयासों से मजबूत किया जा रहा है।

# बेटे को जहर देकर मां ने खुद भी खाया

## शाहजहांपुर में महिला की मौत; 2 साल का बच्चा अस्पताल में भर्ती

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, मदनापुर थाना क्षेत्र में शनिवार को जमीन विवाद में एक महिला ने पहले अपने दो साल के मासूम बेटे को जहरीला पदार्थ खिला दिया, फिर खुद भी खा लिया। गंभीर हालत में दोनों को सीएचसी जलालाबाद लाया गया, जहां महिला की मौत हो गई। बेटे की हालत नाजुक होने पर उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। घटना थाना क्षेत्र के दौलतपुर उत्तरी गांव की है। यहां रहने वाले सुधीर राजस्थान में मेहनत-मजदूरी करते हैं और कुछ दिन पहले ही बाहर गए थे। उनकी पत्नी शिवानी (24) अपने बेटे निशांत के साथ गांव में ही रह रही थी। परिवार वालों के मुताबिक, शिवानी अपने ससुर से तीन बीघा खेत में हिस्सा मांग रही थी। इसी को लेकर दो दिन पहले भी घर में झगड़ा हुआ था। शनिवार सुबह शिवानी ने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया और वही जहर अपने बेटे को भी खिला दिया। करीब बीस मिनट बाद जेठानी ने बच्चे के रोने की आवाज सुनी तो कमरे में पहुंचीं। शिवानी बेसुध थी और बच्चा तड़प रहा था। शोर मचाने पर परिवार के लोग दोनों को लेकर जलालाबाद सीएचसी पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने शिवानी को मृत घोषित कर दिया। वहीं, बच्चे की हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मृतका के ससुर ने बताया कि उन्होंने तीन बीघा खेत खरीदा था, जिसमें से कुछ हिस्सा विपक्षियों ने जोत लिया था। अब आधा खेत बचा है, लेकिन बहू पूरे खेत में हिस्सा मांग रही थी। उन्हें समझाया गया था कि समय आने पर खेत में हिस्सा मिल जाएगा, लेकिन वह जल्दबाजी कर रही थी। सूचना मिलने पर महिला का पति सुधीर राजस्थान से रवाना हो गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सीओ सदर प्रयांक जैन ने बताया कि महिला ने जहर खाया है और अपने बच्चे को भी खिलाया। मामले की जांच की जा रही है।

# डॉक्टर ने बताया गर्भवती, पेट से निकाला ट्यूमर

### शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज में सफल ऑपरेशन, निकला साढ़े 6 किलो का ट्यूमर

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, राजकीय मेडिकल कॉलेज में 17 वर्षीय किशोरी का सफल ऑपरेशन किया गया। किशोरी के पेट से साढ़े 6 किलो का ट्यूमर निकाला गया है। थाना कांट क्षेत्र की रहने वाली किशोरी का अचानक पेट फूलने लगा था। परिवार ने पहले शाहजहांपुर के प्राइवेट डॉक्टरों को दिखाया। इलाज के बावजूद कोई सुधार नहीं हुआ। खेतीबाड़ी करने वाले आर्थिक रूप से कमजोर पिता अपनी बेटी को बरेली के प्राइवेट अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टर ने किशोरी को गर्भवती बता दिया। आर्थिक तंगी के कारण परिवार 17 जून को राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचा। सर्जन डॉक्टर मोहम्मद इमरान ने जांच में पाया कि किशोरी के पेट में ट्यूमर है। प्राचार्य डॉक्टर राजेश कुमार के निर्देश पर डॉक्टर आशुतोष, डॉक्टर साकेत और डॉक्टर इमरान ने ऑपरेशन किया। डेढ़ घंटे चले ऑपरेशन में ट्यूमर को सफलतापूर्वक निकाल दिया गया। किशोरी की स्थिति अब खतरे से बाहर है और उसे महिला वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है। परिवार ने डॉक्टरों का आभार जताया है।

# केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने किया योग

### शाहजहांपुर में योग कर बोले- आज घर-घर में योग का प्रचलन, पूरे विश्व में डंका बज रहा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, जीएफ ग्राउंड में अंतरराष्ट्रीय योग सप्ताह के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकताओं के साथ योगाभ्यास किया। जितिन प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री की सोच और संकल्प से योग को वैश्विक पहचान मिली है। योग भारत की संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है।

यह अब सिर्फ कश्मीर से कन्याकुमारी तक ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व में फैल चुका है। उन्होंने कहा कि आज हर घर में योग का प्रचलन देखने को मिल रहा है। शाहजहांपुर में योग सप्ताह की शुरूआत एक अनूठे तरीके से हुई। पहले दिन योग कार्यक्रम हवाई पट्टी पर आयोजित किया गया। यह वही हवाई पट्टी है जहां भारतीय सेना के लड़ाकू विमान उतरते हैं। यह देश की पहली ऐसी हवाई पट्टी है जहां रात्रि में भी विमानों की लैंडिंग और टेक-ऑफ की सुविधा उपलब्ध है। जिला अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने योग सप्ताह से पूर्व हवाई पट्टी की साफ-सफाई का निरीक्षण किया। कार्यक्रम में जिला अधिकारी और पुलिस अधीक्षक सहित कई जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भी योग किया।

# उद्योगपति विनय अग्रवाल के समर्थन में उतरे सपाई

- पूर्व विधायक बोले- भाजपाई भी सुरक्षित नहीं, पार्टी के दरवाजे खुले हैं

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, भाजपा नेता और उद्योगपति विनय अग्रवाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इस मामले में समाजवादी पार्टी ने उनका समर्थन किया है। विनय अग्रवाल पहले सपा में थे और बाद में भाजपा में शामिल हुए। सपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार में कोई सुरक्षित नहीं है। विनय अग्रवाल को अपनी एफआईआर दर्ज कराने के लिए 9 घंटे तक थाने के बाहर धरना देना पड़ा। वर्मा ने कहा कि विनय अग्रवाल एक बड़े उद्योगपति हैं। उनके उद्योग से हजारों लोगों की रोजी-रोटी चलती है। उनके ऊपर फर्जी एफआईआर दर्ज की गई। पलायन का सोचने लगे पूर्व विधायक ने कहा कि विनय अग्रवाल इतना दुखी हो गए हैं कि वह पलायन करने तक का सोचने लगे। पूर्व विधायक ने कहा कि सपाइयों पर फर्जी मुकदमे दर्ज कराने की भूख नहीं मिटी तो अब भाजपा सरकार में भाजपाइयों को नहीं बख्शा जा रहा है। बोले- झूठे केस दर्ज किए जा रहे जिला अध्यक्ष तनवीर खां ने आरोप लगाया




कि भाजपा सरकार में अपराध बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि सपा शासन में सभी वर्गों को सम्मान और न्याय मिलता था। बिना भेदभाव के विकास कार्य होते थे। खां ने कहा कि वर्तमान सरकार में सपा कार्यकताओं पर झूठे मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं। समाजवादी पार्टी ने अपने दरवाजे सभी के लिए खोल रखे हैं। उन्होंने कहा कि जो भी पार्टी को मजबूत करना चाहता है

## भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# पाकिस्तान ने ट्रम्प को नोबेल प्राइज के लिए नॉमिनेट किया

## कहा- भारत-पाक जंग रोकी; अमेरिकी राष्ट्रपति बोले- कुछ भी कर लूं नोबेल नहीं मिलेगा

एजेंसी

इस्लामाबाद/ वॉशिंगटन, पाकिस्तान सरकार ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को 2026 के नोबेल पीस प्राइज के लिए नॉमिनेट किया है। पाकिस्तान का कहना है कि भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान ट्रम्प की कूटनीतिक पहल और मध्यस्थता ने एक बड़े युद्ध को टालने में मदद की। पाकिस्तानी सरकार ने अपने ऑफिशियल स्टेटमेंट में कहा कि ट्रम्प ने नई दिल्ली और इस्लामाबाद दोनों से बात कर संघर्षविराम में अहम भूमिका निभाई। इससे दो न्यूक्लियर ताकत वाले देशों के बीच युद्ध की आशंका टल गई। पाकिस्तान ने कश्मीर मुद्दे पर ट्रम्प की मध्यस्थता की पेशकश को भी सराहा और कहा कि जब तक कश्मीर का हल नहीं निकलता, तब तक क्षेत्र में स्थायी शांति नहीं आ सकती। हालांकि, ट्रम्प ने कहा, मैं कितने भी युद्ध रोक लूं, कुछ भी कर लूं, मुझे नोबेल नहीं मिलेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने दावा किया है




कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध टालने, रूस-यूक्रेन और ईरान-इजराइल जैसे विवादों को सुलझाने में अहम भूमिका निभाई, लेकिन उन्हें नोबेल पीस प्राइज नहीं मिलेगा। ट्रम्प ने शुक्रवार को ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए लिखा, ह्लमैं जो भी कर लूं, नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलेगा। मैंने विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ मिलकर कांगो-रवांडा युद्ध को रोकने के लिए शांति समझौता कराया है। यह दशकों से चल रहा खूनी संघर्ष था।ह्व इससे पहले ट्रम्प ने बुधवार को व्हाइट हाउस में पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर से बंद कमरे में मुलाकात की थी। दोनों ने व्हाइट हाउस के कैबिनेट रूम में साथ लंच किया था। यह पहली बार था जब किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने पाकिस्तान के आर्मी चीफ की मेजबानी की। बुधवार को ट्रम्प-मुनीर की मुलाकात मुनीर के ट्रम्प को नोबेल शांति पुरस्कार देने की मांग वाले बयान के बाद हुई थी। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता एना केली ने बताया कि मुनीर ने ट्रम्प को मई में भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष रुकवाने का क्रेडिट दिया है। उनके इस बयान के सम्मान में ट्रम्प ने उन्हें लंच पर बुलाया था। आसिम मुनीर अभी अमेरिका के दौरे पर हैं। ट्रम्प से उनकी मुलाकात से कुछ घंटे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति से 35 मिनट तक फोन पर बातचीत की थी। इस दौरान मोदी ने साफ कहा था कि 7 से 10 मई तक चले ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय और पाकिस्तानी सेनाओं के बीच बातचीत के बाद सीजफायर हुआ था। किसी बाहरी मध्यस्थता के माध्यम से नहीं। नोबेल प्राइज 2026 के लिए ऑफिशियल रजिस्ट्रेशन सितंबर में शुरू किए जाएंगे। हालांकि, अभी अंतिम तारिख का ऐलान नहीं किया गया है। 2025 के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामांकन की आखिरी तारीख 31 जनवरी थी। 2025 के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए 338 नॉमिनेशन किए गए। इनमें से 244 व्यक्ति और 94 संगठन थे। 2023 में इस पुरस्कार के 286 उम्मीदवार नामांकित थे। 2016 में सबसे अधिक 376 नॉमिनेशन हुए थे। नोबेल प्राइज वेबसाइट के मुताबिक उनकी ओर से किसी भी फील्ड में नोबेल के लिए नॉमिनेट होने वाले लोगों के नाम अगले 50 साल तक उजागर नहीं किए जाते हैं।

# अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने खोल दी इजरायली पीएम की पोल

## कहा- सत्ता में बने रहने के लिए ईरान से जंग लड़ रहे

एजेंसी

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को लेकर चौंकाने वाले दावे किए हैं। उन्होंने कहा कि इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू अपने शेष जीवन के लिए पद पर बने रहने तथा अपने विरुद्ध लगे आरोपों से बचने का प्रयास कर रहे हैं। वह ईरान के साथ युद्ध करने जा रहा है। इसलिए, अमेरिका को इस मामले में सावधान रहना चाहिए। 17 तारीख को 'द डेली शो' में आए बिल क्लिंटन ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि नेतन्याहू ईरान से लड़ते रहना चाहते हैं क्योंकि इससे उन्हें



हमेशा के लिए सत्ता में बने रहने में मदद मिलेगी। हमें ध्यान देना चाहिए कि नेतन्याहू पिछले 20 वर्षों में से अधिकांश समय तक पद पर रहे हैं। लेकिन मुझे लगता है कि अमेरिका को तनाव कम करने की कोशिश करनी चाहिए। मुझे विश्वास है कि ट्रम्प ऐसा करेंगे। मेरा मानना ??है कि जो भी राष्ट्रपति होगा, वह ऐसा ही करेगा। साथ ही, हमें मध्य पूर्व में अपने दोस्तों को आश्वस्त करने की जरूरत है कि हम उनके साथ खड़े रहेंगे और उनकी रक्षा करने की कोशिश करेंगे। लेकिन अघोषित युद्ध लोगों को प्रभावित करता है। वे युद्ध में राजनीतिक रूप से शामिल नहीं होते। वे एक सम्मानजनक जीवन जीना चाहते हैं। उन्होंने कहा, इसलिए युद्ध सही समाधान नहीं है। बिल क्लिंटन की बात में सच्चाई है। युद्ध के कारण नेतन्याहू अब कई आरोपों से बच रहे हैं। उन पर भ्रष्टाचार, धोखाधड़ी और विश्वासघात जैसे तीन प्रमुख आरोप हैं। इन मामलों को 'केस 1000', 'केस 2000' और 'केस 4000' के नाम से जाना जाता है। नेतन्याहू और उनके परिवार को हॉलीवुड फिल्म निमार्ता अर्नोन मिलचन और ऑस्ट्रेलियाई अरबपति जेम्स पैकर से लगभग 200,000 अमेरिकी डॉलर मूल्य के सिगार मिले। आरोप है कि उन्हें शैंपेन और आभूषण जैसे महंगे उपहार मिले।

> अमेरिका को इस मामले में सावधान रहना चाहिए। 17 तारीख को 'द डेली शो' में आए बिल क्लिंटन ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि नेतन्याहू ईरान से लड़ते रहना चाहते हैं क्योंकि इससे उन्हें हमेशा के लिए सत्ता में बने रहने में मदद मिलेगी।

# मिसाइल पर बांध दिए बम के गुच्छे और फिर...

## दुनिया में जो किसी ने नहीं किया वो ईरान ने कर दिया



> हाइफा पर ईरानी सेना ने एक के बाद एक कई मिसाइल दागे। इन हमलों में हाइफा में 23 लोग घायल हुए और तीन की हालत गंभीर है। हालांकि इजरायली सेना का दावा है कि उसने 16 ईरानी मिसाइलों को इंटरसेप्ट कर मार गिराया। ईरान ने पहली बार इस जंग में क्लस्टर बम का उपयोग किया और इजराइल के रिहाइशी इलाकों में इस बम लैंस मिसाइल दागी। आईडीएफ ने इस बम के इस्तेमाल की पुष्टि की है।

एजेंसी

ईरान ने इजरायल पर वैसे तो कई हमले किए हैं। लेकिन सबसे तगड़ा हमला 20 बैलेस्टिक मिसाइलों से किया। इजरायली डिफेंस फोर्स के मुताबिक 19 जून को ईरान ने अजोर शहर पर 20 बैलेस्टिक मिसाइस से हमला किया। इसमें से एक मिसाइल के वॉरहेड में क्लस्टर बम थे। ये जमीन से हवा में छूटा और उसमें से 20 छोटे छोटे बम निकले जो लगभग 8 किलोमीटर के दायरे में फैल गए। ये ऐसे बम हैं जो इजरायल में तबाही मचा रहे हैं। इनके बारे में कहा जा रहा है कि ये तुरंत नहीं फटते बल्कि सालों बाद भी फट जाते हैं। हाइफा पर ईरानी सेना ने एक के बाद एक कई मिसाइल दागे। इन हमलों में हाइफा में 23 लोग घायल हुए और तीन की हालत गंभीर है। हालांकि इजरायली सेना का दावा है कि उसने 16 ईरानी मिसाइलों को इंटरसेप्ट कर मार गिराया। ईरान ने पहली बार इस जंग में क्लस्टर बम का उपयोग किया और इजराइल के रिहाइशी इलाकों में इस बम लैंस मिसाइल दागी। आईडीएफ ने इस बम के इस्तेमाल की पुष्टि की है। क्लस्टर बम एक ऐसा खतरनाक हथियार है, जिसे कई छोटे बमों को एक बड़े इलाके में छोड़ने के लिए डिजाइन किया गया है। यह बम लक्ष्य पर अन्य मिसाइल बमों की तरह सीधे जाकर फटने की बजाय बीच हवा में खुल जाता है और पूरे इलाके पर छोटे छोटे बम गिराकर बड़ी तबाही मचाता है। क्लस्टर बमों को ज्यादातर ऊंचाई पर ही विस्फोट किया जाता है, ताकि ज्यादा बड़े इलाके में नुकसान हो। घनी आबादी वाले क्षेत्रों में यह और भी ज्यादा खतरनाक हो जाते हैं। क्लस्टर बम से उन आम नागरिकों या घायलों की मदद करने वालों को भी नुकसान पहुंचता है, जो युद्ध में शामिल नहीं हैं। दरअसल, कई क्लस्टर बम हमले के समय नहीं फटते हैं, लेकिन जब कोई भी व्यक्ति गिरने के बाद इन बमों से छेड़छाड़ करता है तो बम फट सकते हैं।

युद्ध की स्थिति में कई बम बिना फटे रह जाते हैं और जब आम नागरिक या बचाव दल उनके संपर्क में आते हैं तो बम फट जाते हैं। इससे उन लोगों को नुकसान होता है, जो युद्ध में शामिल नहीं हैं या युद्ध में घायल हुए लोगों की मदद के लिए आए हैं।

# एर्दोगन ने नेतन्याहू की तुलना हिटलर से की

## कहा- दोनों ने चुनी एक जैसी विनाश की राह

एजेंसी

तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर तीखा हमला करते हुए उनकी तुलना एडोल्फ हिटलर से की। एर्दोगन ने नेतन्याहू पर कुख्यात नाजी तानाशाह की तरह विनाश का रास्ता अपनाने का आरोप लगाया। ईरान और इजरायल के बीच बढ़ती दुश्मनी के बीच बोलते हुए एदोर्गान ने कहा कि नेतन्याहू और हिटलर ने विनाश का एक ही रास्ता अपनाया है। उन्होंने गाजा में इजरायल की नीतियों और उसकी परमाणु महत्वाकांक्षाओं की निंदा की और उन्हें क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए खतरा बताया। तुर्की के राष्ट्रपति ने बिना किसी संकोच के नेतन्याहू को पाखंडी करार दिया। एर्दोगन ने आरोप लगाया कि इजरायली नेता, हिटलर की तरह ही, व्यवस्थित विनाश के लिए जिम्मेदार हैं और अंतरराष्ट्रीय मानदंडों की परवाह किए बिना विनाशकारी एजेंडा चला रहे हैं। उन्होंने विशेष रूप से गाजा में फिलिस्तीनियों के साथ इजरायल के व्यवहार की आलोचना की, और दावा किया कि वहां लगभग 2 मिलियन लोग नाजी



एकाग्रता शिविरों से भी बदतर परिस्थितियों में रह रहे हैं। एर्दोगन ने ईरान का बचाव करते हुए कहा कि देश को अपने नागरिकों की रक्षा करने का वैध अधिकार है।

# उमर अब्दुल्ला बोले, जम्मू-कश्मीर से पंजाब को अतिरिक्त पानी नहीं दिया जाएगा

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) के निलंबन के बाद जम्मू-कश्मीर में सिंधु प्रणाली की तीन पश्चिमी नदियों से अधिशेष पानी को पंजाब में मोड़ने के प्रस्ताव का विरोध किया। अब्दुल्ला ने कहा कि कोई भी हमारा पानी नहीं लेगा। मैं इसकी अनुमति नहीं दूंगा। पहले हम अपने पानी का इस्तेमाल खुद करें, फिर हम दूसरों के बारे में बात करेंगे। वह जम्मू और कश्मीर में सिंधु प्रणाली की तीन नदियों सिंधु, झेलम और चिनाब से अधिशेष जल को पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में पुनर्निर्देशित करने के लिए प्रस्तावित 113 किलोमीटर लंबी नहर के बारे में एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। उमर ने कहा कि जम्मू में सूखा है और वहां नल सूख रहे हैं।

# 'फिक्र अभी बाकी है...'

## 2025 में अपनी भूमिका पूछे जाने पर बोले नितिन गडकरी



एजेंसी

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने 2029 आम चुनाव में अपनी भूमिका पर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए शनिवार को दावा किया कि पिछले 11 वर्षों में जो कुछ देखा गया वह सिर्फ एक न्यूज रील था और असली फिल्म अभी आनी बाकी है। हालांकि, वरिष्ठ भाजपा नेता ने जोर देकर कहा कि पार्टी अपने पदाधिकारियों की जिम्मेदारी तय करती है, उन्होंने कहा कि वह जिस भी क्षमता में उनके लिए काम देगी, वह काम करेंगे।नितिन गडकरी ने नरेंद्र मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर उदय निरगुडकर को दिए साक्षात्कार में कहा, अभी तक जो हुआ है वो तो न्यूज रील थी। असली फिल्म शुरू होना और बाकी है। गडकरी ने कहा, पार्टी कार्यकर्ता की जिम्मेदारियां और वह क्या काम करेगा, यह तय करती है। मुझे जो भी जिम्मेदारी दी जाएगी, मैं उसे पूरा करूंगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उन्होंने कभी अपना राजनीतिक बायोडेटा प्रकाशित नहीं किया है और न ही उन्होंने कभी समर्थकों से हवाईअड्डों पर उनके लिए भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित करने को कहा है। गडकरी ने कहा कि उनकी व्यक्तिगत इच्छा विदर्भ में किसानों की आत्महत्या को रोकने की दिशा में काम करना है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने कहा, आजकल मैं सड़क निर्माण के बजाय कृषि और अन्य सामाजिक पहलों पर अधिक काम करता हूं। यह पूछे जाने पर कि भारत की प्रति व्यक्ति आय दुनिया में शीर्ष 10 में क्यों नहीं है, केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इसके लिए देश की जनसंख्या जिम्मेदार है। जनसंख्या नियंत्रण विधेयक का समर्थन करते हुए उन्होंने कहा, यह कोई धार्मिक या भाषाई मुद्दा नहीं है। यह एक आर्थिक मुद्दा है। इतना विकास होने के बावजूद, परिणाम दिखाई नहीं दे रहे हैं। इसका कारण बढ़ती जनसंख्या है।जनसंख्या नियंत्रण विधेयक का समर्थन करते हुए उन्होंने कहा, ृयह कोई धार्मिक या भाषाई मुद्दा नहीं है. यह एक आर्थिक मुद्दा है. इतना विकास होने के बावजूद परिणाम नहीं दिख रहे हैं. इसका कारण बढ़ती जनसंख्या है. उन्होंने शिवसेना (यूबीटी) नेता सुधाकर बडगुजर के भाजपा में शामिल होने के बारे में पूछे गए सवाल को यह कहकर टाल दिया कि वह उन्हें नहीं जानते और उनसे कभी मिले भी नहीं हैं.

> वरिष्ठ भाजपा नेता ने जोर देकर कहा कि पार्टी अपने पदाधिकारियों की जिम्मेदारी तय करती है, उन्होंने कहा कि वह जिस भी क्षमता में उनके लिए काम देगी, वह काम करेंगे।

# बीजेपी के लोग गाय का दूध नहीं पीते, उन्हें गोबर पसंद...

एजेंसी

समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने एक बार फिर से भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि ये सरकार कह रही है कि एक्सप्रेस-वे के किनारे औद्योगिक क्षेत्र विकसित करेंगे। उन्होंने दावा किया कि समाजवादी पार्टी ने एक्सप्रेस-वे के किनारे किसानों के लिए बाजार बनाने शुरू किए थे। बीजेपी को किसानों के लिए बाजार बनाने पर ध्यान देना चाहिए। बाजार ऐसे होने चाहिए कि हर फसल वहीं खरीदी जाए... गाय के दूध के प्लांट को क्यों बंद कर दिया?... इन भाजपाइयों को दूध से बने उत्पादों से क्या लेना-देना? अखिलेश ने तंज सकते हुए कहा कि बीजेपी के लोग गाय का दूध नहीं पीते... उन्हें गोबर पसंद है। उन्हें गोबर उपहार में दिया जाए तो उन्हें अच्छा लगता है. अगर आप उन्हें गाय के दूध से बने उत्पाद जैसे घी या दही उपहार में देंगे तो वे नाराज हो जाएंगे... उन्हें गोबर दिया जाए तो वे खुश हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि जितने भी कारोबार करने वाले लोग हैं, हम समाजवादियों से



जो मदद और सहयोग हो सकती है हम उनकी करेंगे। पूर्व सीएम ने कहा कि समाजवादी पार्टी स्कूलों के मर्जर के फैसले के खिलाफ है। अगर स्कूल घर से दूर होगा तो बच्चे कैसे पहुंचेंगे, खासकर बेटियां कैसे पहुंचेंगी। उन्होंने कहा कि मरीज आईसीयू में बिना बिजली के कैसे जीवित रहेंगे? स्वास्थ्य विभाग में ट्रांसफर ही नहीं हो रहे। जाने का वक्त है सरकार का, इसीलिए सब सरकार के लोग इसी में लगे हैं कि ट्रांसफर पोस्टिंग से ही कुछ कमा ले। अखिलेश यादव ने राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर निशाना साधते हुए शनिवार को कहा कि इसके शासन में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है, अपराधी खुलेआम हत्याएं कर रहे हैं और राज्य में कोई कहीं भी सुरक्षित नहीं है। अखिलेश यादव अपने संसदीय क्षेत्र कन्नौज पहुंचे थे। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार पर निशाना साधा और राज्य में कानून व्यवस्था को पूरी तरह ध्वस्त बताया। उन्होंने स्थानांतरण और पदस्थापना के नाम पर बसूली का आरोप भी लगाया।

## संजय झा बीजेपी-आरएसएस के आदमी: तेजस्वी यादव

राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने शनिवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर कटाक्ष करते हुए दावा किया कि उनकी बेहोशी की हालत के कारण, आगामी राज्य विधानसभा चुनावों के लिए जनता दल (यूनाइटेड) के टिकट बांटने का काम नीतीश कुमार नहीं बल्कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह करेंगे।


## पश्चिम रेलवे

सामग्री प्रबंधन विभाग

विभिन्न सामग्री की आपूर्ति

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना क्र. एस/37/2025, दिनांक 17.06.2025

| अ.क्र. | आइटम का संक्षिप्त विवरण | मात्रा | टी.ओ.डी. |
|---|---|---|---|
| 312 | एलएनजी डीपीसी में फायर डिटेक्शन एवं सप्रेशन सिस्टम | 32 नग | 03-जुलाई – 25 |
| 313 | मेन कम्प्रेसर असेम्बली | 26 नग | 12-जुलाई – 25 |
| 314 | बफर प्लंजर (बीजी) हेतु फेस प्लेट | 3878 नग | 15-जुलाई-25 |
| 315 | एक्सप्रेसर/ कम्प्रेसर क्रैंक केस ऑइल | 37863 ली. | 15-जुलाई – 25 |
| 316 | बोगी बोल्स्टर सस्पेंशन हेतु हेलिकल स्प्रिंग | 190 नग | 16-जुलाई-25 |
| 317 | आकार 12 कोर x 1.5 वर्ग मिमी के सिग्नलिंग केबल | 2162 किमी. | 17-जुलाई-25 |
| 318 | सस्पेंशन असे. हेतु टैपर्ड रोलर बेयरिंग | 298 नग | 17-जुलाई – 25 |
| 319 | ट्रक/बोगी असेम्बली का एक सेट | 1 सेट | 17-जुलाई-25 |
| 320 | आर/एम पेंट सिंथेटिक एनामेल, इंटीरियर, फिनिशिंग, कलर : स्मोक ग्रे | 65833 ली. | 21-जुलाई-25 |

विस्तृत सूचना ईएमडी, क्रय प्रतिबंध तथा विस्तृत निविदा शर्तों के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट : www.ireps.gov.in तथा wr.indianrailways.gov.in का अवलोकन करें. 0288

Like us on: facebook.com/WesternRly • Follow us on: x.com/WesternRly



## पश्चिम रेलवे

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, मुंबई सेंट्रल मंडल, पश्चिम रेलवे
मंडल रेल प्रबंधक, वाणिज्य विभाग, एनएफआर अनुभाग, मुंबई सेंट्रल – मुंबई – 400 008
कार्य – मुंबई मंडल में विभिन्न एनएफआर मीडिया के जरिये विज्ञापनों का प्रदर्शन

| नीलामी पुस्तिका क्र. | नीलामी का आरंभ (सभी लॉट्स) |
|---|---|
| MMCT-PnU-25-5 | 01.07.2025 को 13.00.00 बजे |

| अ. क्र. | लॉट क्र. | स्थान /एरिया | दिवस | ई-नीलामी बंद होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **PnU-BCT-ST-WRL-44-22-1** (Pay and Use-Lounges/Waiting/ Retiring/Cloak Rooms) | 05 (पांच) वर्षों की अवधि हेतु मुंबई मंडल के सूरत (एसटी) स्टेशन पर क्लोक रूम सर्विसेस का नवीनीकरण, प्रबंधन, अनुरक्षण, संचालन और मैनिंग. | 1826 | 01-07-25 13:30:00 |

| नीलामी पुस्तिका क्र. | नीलामी का आरंभ (सभी लॉट्स) |
|---|---|
| MMCT-ADVTM25-18 | 01.07.2025 को 14.00.00 बजे |

| अ. क्र. | लॉट क्र. | स्थान /एरिया | दिवस | ई-नीलामी बंद होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **MSS-BCT-BL-PrKiosk-49-25-1** (Misc. Static Services - Promotional Kiosk) | 3 वर्षों के लिए वलसाड (बीएल) स्टेशन पर प्रमोशनल कियोस्क/प्रॉडक्ट डिसप्ले के जरिए वाणिज्य विज्ञापन के अनुबंध हेतु ई-नीलामी. | 1096 | 01-07-25 14:30:00 |
| 2 | **MSS-BCT-VAPI-PrKiosk-51-25-1** (Misc. Static Services- Promotional Kiosk) | 3 वर्षों के लिए वापी स्टेशन पर प्रमोशनल कियोस्क/प्रॉडक्ट डिसप्ले के जरिए वाणिज्य विज्ञापन के अनुबंध हेतु ई-नीलामी. | 1096 | 01-07-25 14:40:00 |
| 3 | **MSS-BCT-MRU-MedStn-45-24-1** (Misc-Static-Services Medical facilities at station) | 5 वर्षों की अवधि हेतु माटुंगा रोड रेलवे स्टेशन पर आपात चिकित्सा कक्ष के जरिए चौबीस घंटे चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना. | 1826 | 01-07-25 14:50:00 |
| 4 | **MSS-BCT-NSP-MedStn-46-24-1** (Misc-Static-Services Medical facilities at station) | 5 वर्षों की अवधि हेतु नालासोपारा रेलवे स्टेशन पर आपात चिकित्सा कक्ष के जरिए चौबीस घंटे चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना. | 1826 | 01-07-25 15:00:00 |
| 5 | **MSS-BCT-ADH-STGen-58-25-1** (Misc-Static-Services - Static General) | अंधेरी (एडीएच) स्टेशन पर आधुनिक सुविधाओं के साथ डिजिटल लाउंज/को-वर्किंग स्पेस के विकास, संचालन और अनुरक्षण हेतु ई-नीलामी. | 1826 | 01-07-25 15:10:00 |
| 6 | **MSS-BCT-BVI-STGen-59-25-1** (Misc-Static-Services Static General) | बोरीवली स्टेशन पर आधुनिक सुविधाओं के साथ डिजिटल लाउंज/को-वर्किंग स्पेस के विकास, संचालन और अनुरक्षण हेतु ई-नीलामी. | 1826 | 01-07-25 15:20:00 |
| 7 | **MSS-BCT-DDR-STGen-57-25-1** (Misc-Static-Services - Static General) | दादर स्टेशन पर डिजिटल लाउंज/को-वर्किंग स्पेस के विकास, संचालन और अनुरक्षण हेतु ई-नीलामी. | 1826 | 01-07-25 15:30:00 |

| नीलामी पुस्तिका क्र. | नीलामी का आरंभ (सभी लॉट्स) |
|---|---|
| MMCT-ADVTMB25-1 | 08.07.2025 को 15.00.00 बजे |

| अ. क्र. | लॉट क्र. | स्थान /एरिया | दिवस | ई-नीलामी बंद होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **MMS-MobGen-133732-1-25-1** (Misc-Mobile-Services-Mobile General) | 03 वर्षों की अवधि हेतु 12009/10 – एमएमसीटी- एडीआई शताब्दी एक्सप्रेस में पार्सल बुकिंग और ट्रैकिंग हेतु एप-आधारित लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट सिस्टम के जरिए गार्ड कम्पार्टमेंट नामित बॉक्स/केज स्पेस के उपयोग हेतु अनुबंध. | 1096 | 08-07-25 15:30:00 |
| 2 | **MMS-MobGen-176202-1-25-1** (Misc-Mobile-Services-Mobile General) | 03 वर्षों की अवधि हेतु 22953/54 – गुजरात एक्सप्रेस में पार्सल बुकिंग और ट्रैकिंग हेतु एप-आधारित लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट सिस्टम के जरिए गार्ड कम्पार्टमेंट नामित बॉक्स/केज स्पेस के उपयोग हेतु अनुबंध. | 1096 | 08-07-25 15:40:00 |

**अनुबंध विवरण : लैंडलाइन नं. : 02267644212, ईमेल आईडी : acmadvtgbct@gmail.com**

टिप्पणी : संभावी बोलीकर्ताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल का अवलोकन करें. लॉट अनुसार विवरण निर्दिष्ट पुस्तिका अंतर्गत उपलब्ध हैं.

0287

Like us on: facebook.com/WesternRly • Follow us on: X.com/WesternRly

## संक्षेप

### आईएएस की नौकरी के नाम पर 38 लाख की ठगी

**अधिवक्ता समेत 7 लोगों पर केस, आजाद अधिकार सेना ने ईओडब्ल्यू जांच की उठाई मांग**

सुलतानपुर, आईएएस की नौकरी दिलाने के नाम पर 38 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित प्रांजल त्रिपाठी ने लक्ष्मणपुर मोहल्ले में 7 लोगों पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। मुख्य आरोपी बजरंग द्विवेदी एक वकील हैं। वे बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी के सदस्य और दो बैंकों के कानूनी सलाहकार भी हैं। अन्य आरोपियों में उनके बेटे प्रणव दुबे, मनीष दुबे, आशीष दुबे, राज मिश्रा, श्रेयांश अग्रहरि और डेयरी विकास भवन के दीपक पटेल शामिल हैं। आरोपियों ने आईएएस परीक्षा का ई-एडमिट कार्ड, इंटरव्यू शेड्यूल और ज्वाइनिंग लेटर जैसे फर्जी दस्तावेज तैयार किए। पीड़ित से 38 लाख रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए। आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने यूपी के डी.जी.पी को पत्र लिखा है। उन्होंने स्थानीय पुलिस पर आरोपियों से मिलीभगत का आरोप लगाया है।

### तीन बच्चों को डंपर ने कुचला, एक की मौत

**आम बीनकर घर लौट रहे थे, सड़क पार करते समय हादसा, दो लखनऊ रेफर**

सुलतानपुर, टांडा-बांदा हाईवे पर शनिवार सुबह एक हादसे में एक बच्चे की मौत हो गई। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र में हुई इस घटना में दो अन्य बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। हालापुर, तिवारी का पुरवा के तीन बच्चे - अनुराग (14), अश्वनी (15) और लकी शर्मा सड़क के दूसरी तरफ स्थित बाग से आम बीनकर लौट रहे थे। राष्ट्रीय राजमार्ग पार करते समय अम्बेडकर नगर की तरफ से आ रहे एक तेज रफ्तार डंपर ने उन्हें कुचल दिया। चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने तीनों घायल बच्चों को तुरंत अंबेडकरनगर मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। डॉक्टरों ने लकी (14) को मृत घोषित कर दिया। सुमित (14) और अश्वनी (16) की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। भाई-बहनों में सबसे छोटा था पुलिस ने मृतक बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आरोपी वाहन और चालक की तलाश जारी है।

### मुबाहिले की महफिल में जुटे शायर और धर्मगुरु

**सुल्तानपुर में हनीफ नगर में हुआ आयोजन, मौलाना ने सुनाया इस्लामिक इतिहास**

सुलतानपुर, हनीफ नगर में जियाउल हसनैन के आवास पर मुबाहिले के अवसर पर विशेष महफिल का आयोजन किया गया। आयोजित इस महफिल का संचालन अली जाफरी ने किया। मौलाना मुशीर अब्बास खान ने अपने संबोधन में इस्लामिक इतिहास का एक महत्वपूर्ण प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि जब नसारा हजरत ईसा को खुदा का बेटा कह रहे थे, तब पैगम्बर मोहम्मद ने कुरआन से कई दलीलें दीं।

# वैदिक मंत्रोच्चार के बीच वेदपाठियों का 'योग संगम'

**शिवानंद द्विवेदी बोले- योग शरीर, मन और आत्मा को एकाग्रचित्त करने का बेहद प्रभावी माध्यम**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, महर्षि सांदिपनी राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन और आयुष मंत्रालय के निर्देश पर 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन झूंसी स्थित श्री स्वामी नरोत्तमानंद गिरि वेद विद्यालय में हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच वेदपाठियों का 'योग संगम' हुआ। वेद पाठशाला के प्राचार्य ब्रजमोहन पांडेय, शुक्ल यजुवेर्दाचार्य गौरव चंद्र जोशी, शिवानंद द्विवेदी, अंजनी कुमार सिंह के नेतृत्व में करीब 50 छात्रों ने सूर्य नमस्कार, अनुलोम विलोम, ताड़ासन, प्राणायाम, ध्यान सहित स्वस्थ जीवनशैली से संबंधित योगाभ्यास किया। प्राचार्य ब्रजमोहन पांडेय ने कहा कि सूर्य नमस्कार अपने आप में पूर्ण साधना है, जिसमें आसन, प्राणायाम, मंत्र और ध्यान शामिल हैं। इसका नियमित रुप से अभ्यास करने से न सिर्फ आयु बढ़ती है बल्कि ज्ञानवर्धन भी होता है। उन्होंने वेद छात्रों को भगवद गीता में भगवान कृष्ण द्वारा कर्मयोग की महत्ता बताते हुए योगः कर्मसु कौशलम् के सूत्र को समझाया जिसका अर्थ है कर्मों में कुशलता ही योग है। कहा कि कर्मों को कुशलतापूर्वक, समर्पण और बिना आसक्ति के करना ही योग है। जब हम अपने कर्मों को कुशलता से करते हैं, तो हम न केवल अपने जीवन में सफलता प्राप्त करते हैं, बल्कि आंतरिक व आध्यात्मिक विकास भी करते हैं। संस्कृत अध्यापक शिवानंद द्विवेदी ने कहा कि योग शरीर, मन और आत्मा को एकाग्रचित्त करने का बेहद प्रभावी माध्यम है, जिससे न सिर्फ शरीर बल्कि मस्तिष्क भी स्वस्थ होता है। यह विश्व को भारत द्वारा दी गई एक अमूल्य धरोहर है।

शुक्ल यजुर्वेद के आचार्य गौरव जोशी ने बताया कि वेद पाठशाला में वैदिक छात्र प्रातःकाल नियमित रूप से संध्या, ध्यान, प्राणायाम, योगाभ्यास करते हैं। इससे उन्हें वेद मंत्रों के कंठस्थीकरण में काफी मदद मिलती है। ऐसा करके छात्र अपने शरीर और मानसिक स्वास्थ्य को भी तंदरुस्त बनाए रखते हैं।

# पंखे से लटकी मिली महिला की लाश

**3 बार गर्भवती होने पर भी नहीं बन पाई थी मां, सास-ससुर और पति के खिलाफ लगे आरोप**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसकी लाश पंखे से लटकी हुई मिली। विवाहिता के मायके वालों ने ससुराल वालों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। पूरा मामला सराय ममरेज थाना क्षेत्र के हरिपुर मर्रो गांव का है। महिला का नाम रिहाना बानो (38) है। शनिवार को घर के कमरे में पंखे से लटकी लाश को देखते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। ? ?परिजनों के मुताबिक- रिहाना का पति मोहम्मद इमरान मुंबई में ओला कैब चलाता था। पिछले 7 महीने से गांव में था। उनके पिता शौकत अली बीड़ी बनाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। रिहाना देर तक कमरे से बाहर नहीं आईं, तो उनकी सास अलीमुन बानो ने खिड़की से देखा। उसी ने सभी पड़ोसियों को सूचना दी। इसके बाद आसपास के लोग इकट्ठा हुए और पुलिस को बुलाई गई। थाना अध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। परिवार ने बताया कि रिहाना के तीन गर्भधारण में सभी बच्चे मृत पैदा हुए थे। कुछ महीने पहले भी उन्होंने एक मृत बच्चे को जन्म दिया था। मृतका के चाचा मोहम्मद अली ने सास, ससुर, पति और ननद के खिलाफ दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत दर्ज कराई है। मायके पक्ष के लोगों ने मौके पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया, जिसे पुलिस ने शांत कराया। थाना अध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# युवक का शव पेड़ से लटका मिला

**परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, सपा नेताओं ने की परिवार से मुलाकात**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, जिले के थाना जामो क्षेत्र के बलभद्रपुर गांव में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां 25 वर्षीय मनोज कुमार लोधी का शव एक पेड़ से लटका हुआ मिला। मृतक राम आनन्द लोधी का पुत्र था। परिजनों ने इस मामले को हत्या से जोड़ते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। घटना की सूचना मिलते ही समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल मौके पर पहुंचा। सपा नेताओं ने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। सपा जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने कहा कि उनकी पार्टी पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। वे दोषियों को सजा दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। प्रशासन से जांच की मांग उन्होंने प्रशासन से घटना की गहन जांच की मांग की है। प्रतिनिधिमंडल में ग्राम प्रधान राम बैराती पाती, ब्लॉक अध्यक्ष जंग बहादुर यादव, शिव प्रताप यादव, राम सूरत लोधी, दीपू तिवारी, प्रमोद पासी, अनिल यादव और मनीष शामिल थे।



# घटिया निर्माण का खुलासा

**जले मोबिल ऑयल से बनी सड़क, दो घंटे में उखड़ी, गिट्टी गर्म करने में घरेलू सिलेंडर का यूज**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, सौरमऊ नगर में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बनाई जा रही सड़क की गुणवत्ता विवादों में घिर गई है। निर्माण के मात्र दो घंटे बाद ही सड़क की परतें उखड़ने लगीं। स्थानीय लोगों ने गंभीर आरोप लगाए हैं कि ठेकेदार ने मानक प्रक्रिया का उल्लंघन किया है। पारंपरिक तारकोल की जगह जले हुए मोबिल ऑयल का इस्तेमाल किया गया। गिट्टी को गर्म करने के लिए घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग किया गया। सड़क जगह-जगह से धंस गई है। विभागीय जूनियर इंजीनियर अतुल वर्मा का कहना है कि निर्माण कार्य मानकों के अनुसार हो रहा है। उनका दावा है कि शिकायत मिलने पर जांच कराई जाएगी। ग्रामीणों ने अधिशासी अभियंता पीएमजीएसवाई, अरुण कुमार से कई बार संपर्क करने का प्रयास किया। लेकिन उनकी ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। उच्च स्तरीय जांच की मांग सूत्रों के अनुसार यह घटिया निर्माण कार्य ठेकेदारों और विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से हो रहा है।

स्थानीय नागरिकों ने इस मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उनकी मांग है कि दोषी ठेकेदारों और लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

# वृक्षारोपण अभियान की तैयारी

**एक से सात जुलाई तक 43 लाख पेड़ लगेंगे, अटल वन और शौर्य वन भी बनेंगे**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, मानसून से पहले बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण की तैयारियां चल रही हैं। वन विभाग की योजना के अनुसार, एक से सात जुलाई के बीच जिले में 43 लाख से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। इस अभियान के लिए विभाग ने जिले की 28 नर्सरियों में पहले से ही 62 लाख पौधे तैयार कर रखे हैं। इस वर्ष वृक्षारोपण अभियान को विशेष बनाया जा रहा है। वन विभाग विभिन्न वन वाटिकाओं का निर्माण करेगा। इनमें अटल वन, शौर्य वन और एकता वन प्रमुख हैं। महापुरुषों की स्मृति में भी विशेष वन वाटिकाएं स्थापित की जाएंगी। भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के सम्मान में एक विशेष शौर्य वन वाटिका बनाई जाएगी, जहां सिंदूर के पौधे लगाए जाएंगे। प्रभागीय वन अधिकारी रणवीर मिश्र ने बताया कि शासन के निर्देशों का पूरी तरह पालन किया जाएगा। वृक्षारोपण अभियान में वन विभाग के साथ अन्य विभाग भी सहयोग करेंगे। यह अभियान पर्यावरण संरक्षण और जिले में हरियाली बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



# राशन वितरण में बड़ी गड़बड़ी

**गेहूं की बोरियों में निकला नमक और मिट्टी, एक बोरी में 10 किलो मिलावट**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, गरीबों को वितरित किए जाने वाले राशन में बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। गेहूं की बोरियों में भारी मात्रा में नमक और मिट्टी मिली है। यह मामला गौरीगंज तहसील के दरपीपुर गांव का है। कोटेदार लक्ष्मी नारायण शुक्ला के पास तीन दिन पहले राशन वितरण के लिए 52 बोरियां आई थीं। जब सुबह उन्होंने बोरियां खोलीं तो उनमें से 5 बोरियों में नमक निकला। प्रत्येक बोरी में लगभग 10 किलो नमक पाया गया। यह समस्या केवल दरपीपुर तक सीमित नहीं है। अमेठी तहसील के ठेंगहा, तारापुर, बनबीरपुर खौपुर समेत कई गांवों में गेहूं की बोरियों में मिट्टी मिली है। इस घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। सप्लाई इंस्पेक्टर देवी दयाल शुक्ला के अनुसार, यह राशन इन्हौना एफसीआई गोदाम से आया था। विभाग ने कार्रवाई के लिए विपणन विभाग को पत्र लिखा है।

डीएसओ शशिकांत ने बताया कि सभी बोरियों को वापस मंगवाने के लिए डिप्टी आरएमओ को निर्देश दिए गए हैं। विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि यह घटना उस जिले में हुई है, जहां के प्रभारी मंत्री स्वयं प्रदेश के खाद्य एवं रसद मंत्री हैं। कोटेदार लक्ष्मी नारायण ने मिलावट की जानकारी मिलते ही अधिकारियों को सूचित कर दिया और राशन वितरण रोक दिया।

# दूरसंचार कर्मी करेंगे प्रदर्शन, बनाएंगे मानव श्रृंखला

**अलीगढ़ में सरकार से मांगों को लेकर कर्मचारी कर रहे हैं प्रदर्शन, मांग न मानी तो होगी भूख हड़ताल**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अलीगढ़, भारत दूर संचार विभाग (बीएसएनएल) के अधिकारी व कर्मचारी सरकार से अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करेंगे। जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के जरिए सरकार को ज्ञापन भेजकर मांगे रखी जाएंगी और अगर उनकी मांगों को पूरा न किया गया तो शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन किया जाएगा। भारतीय दूरसंचार मंच के पदाधिकारियों ने प्रेसवार्ता करके यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार बीएसएनएल में 4जी और 5जी टेक्नोलॉजी लांच कर रही है। लेकिन इसे संभालने के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं दे रही है। इस टेक्नोलॉजी को पूर्ण रूप से लागू नहीं कर रही है। इसके साथ ही कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं का निस्तारण भी नहीं किया जा रहा है। मंच के जिला सचिव भूपेंद्र सिंह कुशवाहा ने बताया कि सरकार को ज्ञापन देकर 22 मांगे रखी गई हैं। जिसमें एक कंपनी एक नीति, कर्मचारियों की मेडिकल पॉलिसी को दुरुस्त करना, जेई के वेतन को सुधार करना, 4जी व 5जी को पूर्ण रूप से दुरुस्त करना, फाइबर नेटवर्क को मजबूत करने जैसी मांगे शामिल हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश भर में कर्मचारी सांसद, विधायक और जिलाधिकारी से मिलकर इस संबंध में अपना ज्ञापन सौपेंगे और सरकार के सामने अपनी मांग रखेंगे। जिससे कि दूर संचार विभाग की सेवाओं को और ज्यादा बेहतर किया जा सके और आम उपभोक्ताओं को अच्छी सर्विस प्रदान की जा सके। अध्यक्ष पंकज दीक्षित ने बताया कि सरकार से अपनी मांगों को लेकर 25 जून को मानव श्रृंखला का निर्माण किया जाएगा और सीएमडी मुख्यालय पर प्रदर्शन जाएगा। 30 जून को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन सर्किल मुख्यालय पर किया जाएगा। 7 जुलाई को कर्मचारी सामूहिक अवकाश लेंगे। इसके बाद भी सरकार ने मांगे न मानी तो 9 जुलाई को कॉरपोरेट ऑफिस नई दिल्ली में भूख हड़ताल की शुरूआत कर दी जाएगी। 15 जुलाफ से तीन दिन तक कार्मिक धरना चलेगा। इसके बाद अन्य संगठनों और आमजनों का सहयोग लेकर आंदोलन किया जाएगा और जब तक मांगे पूरी नहीं होंगी, यह आंदोलन लगातार जारी रहेगा।

# एफआईआर में गलत नाम दर्ज करने पर कार्रवाई

**गोवर्धन थाने के मुंशी निलंबित, बृजवासी मिष्ठान भंडार के मालिकों का नाम बिना आरोप के लिखा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मथुरा , मथुरा के गोवर्धन थाने में एक एफआईआर में बिना किसी आरोप के नाम जोड़ने के मामले में एसएसपी श्लोक कुमार ने मुंशी को निलंबित कर दिया है। मामला जमीन की धोखाधड़ी से जुड़ा है। रजनी अग्रवाल ने 2014 में एक जमीन खरीदी थी। जब वह जमीन पर पहुंचीं तो पता चला कि उस जमीन को छोटे-छोटे प्लॉट में बांटकर पहले ही किसी और को बेच दिया गया है। जमीन का रजिस्टर्ड एग्रीमेंट भी फर्जी तरीके से किसी अन्य व्यक्ति के नाम कर दिया गया था। पीड़िता ने आईजी आगरा से शिकायत की। इस पर मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए गए। मुकदमे में मुंशी ब्रजेश कुमार ने बृजवासी मिष्ठान भंडार के मालिकों का नाम भी शामिल कर दिया। हालांकि, पीड़िता ने उन पर कोई आरोप नहीं लगाया था। सीओ अनिल कुमार सिंह के अनुसार, इसे टाइपिंग की गलती बताया गया। फिर भी गलती को गंभीर मानते हुए मुंशी को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही मुकदमे से इन नामों को हटाने के निर्देश भी दिए गए हैं।

# निषादराज-श्रीराम की प्रतिमा का भूमिपूजन

**राजस्थानी लाल पत्थर से 10 फीट ऊंची प्रतिमा बनेगी, सांसद ने किया शिलान्यास**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, लंभुआ स्थित धोपाप धाम में एक नई प्रतिमा स्थापित की जाएगी। सांसद प्रवीण निषाद और सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने इस प्रतिमा का भूमिपूजन किया। राजस्थान के लाल पत्थर से बनने वाली यह 10 फीट ऊंची प्रतिमा निषादराज और भगवान श्रीराम को गले मिलते हुए दर्शाएगी। सांसद प्रवीण निषाद ने बताया कि प्रतिमा का निर्माण डॉ. आशीष त्रिपाठी सहित अन्य लोगों के सहयोग से किया जाएगा। प्रतिमा के लोकार्पण में निषाद पार्टी के अध्यक्ष डॉ. संजय निषाद भी शामिल होंगे। सांसद ने कहा कि धोपाप धाम के विकास के लिए पर्यटन विभाग से सरकारी धन प्राप्त करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर धाम का उदाहरण दिया, जहां 23 किलोमीटर दूर प्रधानमंत्री ने राम-निषादराज की प्रतिमा का लोकार्पण किया था।

# मालती नदी पुल का वैकल्पिक मार्ग बहा

**सपा नेता ने किया प्रदर्शन, कहा- एक साल से अधूरा पुल, अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी तहसील, भेंटुआ भीमी मार्ग पर मालती नदी पर निमार्णाधीन पुल का वैकल्पिक मार्ग बारिश के पानी से बह गया है। सपा नेता जयसिंह प्रताप यादव ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों के साथ विरोध प्रदर्शन किया। यादव ने बताया कि पुल का निर्माण एक साल से चल रहा है। वैकल्पिक रास्ते के बह जाने का कारण प्रशासन और कार्यदायी संस्था की लापरवाही है। इससे कई गांवों के हजारों राहगीरों और स्कूली बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। सपा नेता ने बताया कि जिला प्रशासन को सूचना देने के बाद भी कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। डीएम से लेकर तहसीलदार तक किसी ने फोन नहीं उठाया। उन्होंने मांग की है कि लापरवाह अधिकारियों और कार्यदायी संस्था पर कार्रवाई की जाए। प्रदर्शन में अधिवक्ता विपिन यादव, वंशराज, मनु पाल, रामसेवक, मुंशीरजा, सौरभ प्रहलाद, विजय बहादुर, नरसिंह, वीरेंद्र समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने वैकल्पिक रास्ता बनाने और पुल का निर्माण जल्द पूरा करने की मांग की है।

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी ,एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग,कुर्ला (प)मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० -A-544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई ,ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक - अरविंद कुमार शर्मा
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173
संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001
संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी